



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 238 | कोरबा, शनिवार, दिनांक 31 मई 2025 डाक 01 जून 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



**विविधा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात की



**देश-विदेश**

जस्टिस वर्मा और उनके परिवार के सक्रिय नियंत्रण में था स्टोर रूम, जांच समिति ने सबूत के साथ लगाए आरोप



**फीचर पेज**

करेले का कड़वा स्वाद बदलना चाहते हैं? इन तरीकों को अपनाएं




# देवी अहिल्या बाई का नाम सुनकर मन में श्रद्धा भाव उमड़ पड़ता है..: पीएम मोदी

**भोपाल 31 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को भोपाल में महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल के जम्बूरी मैदान में लोकमाता देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन कार्यक्रम के दौरान अहिल्याबाई होल्कर को पुष्पांजलि अर्पित की। पीएम मोदी का नारी शक्ति ने सिंदूर स्वागत किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह प्रधानमंत्री का मध्य प्रदेश में पहला दौरा है। कार्यक्रम के सारे सूत्र यानी सुरक्षा से लेकर प्रबंधन तक महिलाओं के हाथों में हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ढाई-तीन सौ साल पहले जब देश गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, उस समय ऐसे महान कार्य कर जाना कि आने वाली अनेक पीढ़ियां उसकी चर्चा करे, ये कहना तो आसान है, करना आसान नहीं था। पीएम



ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर, ये नाम सुनकर ही मन में श्रद्धा का भाव उमड़ पड़ता है। उनके महान व्यक्तित्व के बारे में बोलने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृशक्ति को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम देवी अहिल्याबाई की सोच को आगे बढ़ाता है। देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती पर 300 रुपये का सिक्का जारी किया गया है। ये सिक्का संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किया जा रहा है। इस सिक्के के मुख्य भाग के मध्य भाग में अशोक स्तंभ का तीन शीश और नीचे सत्यमेव जयते लिखा है। वहीं आज इंदौर मेट्रो और सतना-दतिया एयरपोर्ट की शुरुआत हुई है। ये सभी प्रोजेक्ट मप्र में सुविधाएं बढ़ाएंगे, विकास को गति देंगे और रोजगार के नए अवसर बनाएंगे। इस पवित्र दिवस पर विकास के इन सारे कामों के लिए पूरे प्रदेश को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे लिए आज का दिन और विशेष हो गया है क्योंकि पीएम खुद देवी अहिल्या की जन्म जयंती मनाने हमारे साथ मौजूद हैं।

## बैंकॉक से संदिग्ध लेनदेन की हो रही जांच

# गोरखपुर में मनी लॉन्ड्रिंग केस में एनआईए की छापेमारी



**गोरखपुर, 31 मई [एजेंसी]।**

विदेश से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क की कड़ियों को सुलझाने में जुटी राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार सुबह जिले के खजनी थाना क्षेत्र के रावतदाड़ी गांव और शहर के तारामंडल इलाके में छापेमारी की। जांच के दायरे में बैंकॉक में लंबे समय से रह रहे पन्नेलाल यादव आए हैं जिनके खातों से किए गए लेनदेन को संदिग्ध और गैरकानूनी माना जा रहा है। लखनऊ से आई चार सदस्यीय टीम परिवार के लोगों से पूछताछ कर रही है। एनआइए की लखनऊ शाखा की चार सदस्यीय टीम शनिवार सुबह चार बजे खजनी थाने की पुलिस टीम के साथ खजनी के रावतदाड़ी गांव पहुंची। वहां रहने वाले पन्नेलाल यादव के घर छापेमारी की गई, लेकिन वह मौजूद नहीं थे। टीम को वहां उनके चाचा मुन्नीलाल यादव मिले।टीम ने घर की तलाशी ली और पूछताछ के बाद चाचा को सुबह 6 बजे तारामंडल क्षेत्र के आजाद नगर पूर्वी में स्थित पन्नेलाल के आवास पर पहुंची। घर पर उस समय पन्नेलाल का बेटा अमन और बेटियां शिवानी और शिवाली मौजूद थीं। पत्नी पुष्पा मायके में विवाह समारोह में गई हैं। चार घंटे तक टीम ने घर की गहन तलाशी ली और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, लेपटॉप, मोबाइल आदि की जांच की। तलाशी के दौरान परिवार के लोगों ने आरोप लगाया कि एनआइए की टीम ने पूछताछ के दौरान अभद्र व्यवहार और मारपीट की। हालांकि इस आरोप की अधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने किसी अप्रिय स्थिति से इनकार किया है। खजनी थाने की पुलिस इस दौरान पूरी कार्रवाई में साथ रही।

# सौम्या चौरसिया, रानू साहू, समीर विश्नोई रायपुर जेल से रिहा



**रायपुर 31 मई।** छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला केस में सौम्या चौरसिया, रानू साहू समेत 6 आरोपी जेल से रिहा हो गए हैं। सौम्या चौरसिया दिसंबर 2022 में गिरफ्तार हुई थी। वहीं रानू साहू की जुलाई 2023 में गिरफ्तारी हुई थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की डबल बेंच ने इस जमानत याचिका पर सुनवाई की थी। जस्टिस सूर्यकांत ने सभी आरोपियों को गवाहों को प्रभावित करने की आशंका के चलते छत्तीसगढ़ में रहने पर पाबंदी लगाई है। व छत्तीसगढ़ से बाहर रवाना होंगे। उन्हें अपना पासपोर्ट जमा करना होगा। साथ ही नया पता थाने में देना होगा। सूर्यकांत तिवारी, रानू साहू, समीर विश्नोई और सौम्या चौरसिया के मामले में, यह निर्देश है कि वे अगले आदेश तक छत्तीसगढ़ में नहीं रहेंगे, वे आवश्यकतानुसार जांच एजेंसी या ट्रायल कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहेंगे। ये भी निर्देश है कि वे अपनी रिहाई के 1 सप्ताह के भीतर राज्य के बाहर अपने रहने के पते पेश करें। उन्हें अपने रहने के स्थान की जानकारी भी अधिकार क्षेत्र के थाने में देना होगा। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को निर्देशित किया है कि वे अंतरिम जमानत पर रिहा होने के तुरंत बाद अपने पासपोर्ट विशेष अदालतों में जमा करें, वे जांच में शामिल होंगे और पूरा सहयोग करेंगे।

# कोरोना संक्रमित निकली मेकाहारा हॉस्पिटल की नर्स



**रायपुर 31 मई।** राजधानी में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 5 हो गई है। आज तीन और मरीज मिले है। इसके साथ ही रायपुर में एक्टिव मरीजों की संख्या बढ़कर 4 हो गई है, जबकि पूरे प्रदेश में कुल संक्रमितों की संख्या अब 5 हो चुकी है। जानकारी के अनुसार, आज के दोनों संक्रमितों में एक पुरुष (74 वर्ष) और एक महिला (42 वर्ष) शामिल हैं। पुरुष टाटीबंद महिला प्रेम नगर, मोवा इलाके की निवासी है। ये न कहीं बाहर से आए न बाहर के निवासी हैं। इससे संक्रमण के स्थानीय स्तर पर फैलने की आशंका भी जताई जा रही है। इनमें से एक मरीज़ की पहचान एम्स ओपीडी में दूसरी संक्रमित महिला मेकाहारा की नर्स है।

# कार में अचानक लगी आग जिंदा जला युवक

*__पंजाब।__ पंजाब के फाजिल्का में एक युवक कार में जिंदा जल गया। घटना फाजिल्का के गांव रामपुरा से कौड़ियावाली रोड पर हुई। कल एक कार में आग लग गई, जिससे उसमें सवार एक युवक जिंदा जलकर मर गया। आसपास के लोगों ने दमकल विभाग*



*को सूचना दी, लेकिन तब तक आग ने कार के साथ-साथ चालक को भी अपनी चपेट में ले लिया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामपुरा गांव के सरपंच हैरी ने बताया कि जब वह पहुंचे तो देखा कि कार सड़क किनारे खड़ी थी और उसमें आग लगी हुई थी। इसके बाद उन्होंने दमकल विभाग को फोन किया।*

## दिल्ली में हर दिन बढ़ रहे हैं कोरोना के मामले

# एक दिन में 56 नए मरीज मिले, एक की मौत

## देशभर में 2700 से अधिक सक्रिय केस

**नईदिल्ली, 31 मई [एजेंसी]।**

देशभर में कोरोना के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 2700 के पार पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि 30 मई तक देश भर में 2710 मामले दर्ज किए गए हैं। दिल्ली में कोरोना के नए वेरिएंट के कारण पहली मौत हुई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आंकड़ों के मुताबिक, इस साल दिल्ली में कोरोना से यह पहली मौत हुई है। राजधानी में 56 नए मामले पिछले 24 घंटे में दर्ज किए गए हैं। दिल्ली में कोरोना के कुल 294 सक्रिय मामले हो गए हैं। बताया जा रहा है कि दिल्ली में कोरोना से जिस मरीज की मौत हुई है वह पहले से कई बीमारी से पीड़ित था। कोविड के बाद संक्रमण बढ़ा। समस्या बढ़ने के बाद मौत हुई है। नए वेरिएंट का असर हल्का है। लेकिन गंभीर रोगी और कमजोर इम्यूनिटी के रोगी पर असर कर रहा है। दिल्ली में जिस तरह से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, वह डराने वाला है। हालांकि, एक्सपर्ट का कहना है कि डरने की जरूरत नहीं है। कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि कोरोना के मामले सरकार के संज्ञान में है। अस्पतालों में पूरी तरह से व्यवस्थाएं है। एडवाइजरी भी जारी की है। स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। किसी प्रकार की कोई घबराने की स्थिति नहीं है। चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। गाजियाबाद जिले में कोरोना के पांच नए मरीज मिले हैं। जिसके बाद पूरे जिले में सक्रिय मरीजों की संख्या 19 हो गई है।




# कोच से माफी के बाद बजरंग पुनिया पर मानहानि मामला बंद



**नई दिल्ली 31 मई।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पुनिया के खिलाफ मानहानि का मामला बंद कर दिया, क्योंकि उन्होंने कोच नरेश दहिया से बिना शर्त माफी मांगी थी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट यशदीप चहल ने आधिकारिक तौर पर मामले को सुलझा लिया। पुनिया के लिखित माफीनामे में लिखा है, मैं नरेश दहिया से आंदोलन के दौरान जंतर-मंतर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनके खिलाफ मेरे द्वारा दिए गए गलत और असंवेदनशील बयान के लिए बिना शर्त माफी मांगता हूं। शिकायतकर्ता की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार रेक्सवाल, रविंदर सिंह और लोविंदर चौधरी पेश हुए। पुनिया का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिवक्ता तुषार गिरी ने पुष्टि की कि माफी के बाद मामला सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझ गया। शिकायत 10 मई, 2023 को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पुनिया की टिप्पणियों से उपजी थी, जहां उन्होंने दहिया के खिलाफ दर्ज एक बलात्कार के मामले का जिक्र किया था। दहिया ने स्पष्ट किया कि उन्हें 2019 में बरी कर दिया गया था।

# चुनावी तैयारियों में जुटी कांग्रेस, 6 महीने में पांचवीं बार बिहार दौरे पर आएंगे राहुल गांधी



**पटना।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एक बार फिर बिहार आने की तैयारी में हैं। राहुल गांधी छह जून को पटना आ सकते हैं। कांग्रेस सूत्रों ने यह जानकारी दी और बताया कि राहुल गांधी राजगीर में अति पिछड़ा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। राहुल गांधी की इस वर्ष यह पांचवीं बिहार यात्रा है। इसके पहले राहुल गांधी जनवरी, फरवरी, अप्रैल और चौथी बार मई महीने दरभंगा और पटना आए थे। वहीं,अब एक बार फिर जून महीने में वे बिहार आने वाले हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी का प्रदेश नेतृत्व नालंदा में अत्यंत पिछड़ा वर्ग और पिछड़ा वर्ग के सम्मेलन की तैयारी कर रहा है। पूर्व में यह कार्यक्रम 27 मई को प्रस्तावित था, लेकिन अपरिहार्य कारणों से कार्यक्रम टल गया था। अब वापस छह जून को कार्यक्रम करने की सहमति केंद्रीय नेतृत्व बिहार कांग्रेस को दी है। इससे पहले दरभंगा दौरे पर बिहार आए राहुल गांधी की यात्रा को लेकर काफी विवाद हुआ था। दरभंगा में आयोजन स्थल पर अनुमति न होने के बाद कार्यक्रम किए जाने को लेकर उन पर प्राथमिकी भी की गई थी। राहुल गांधी की लगातार बिहार यात्राओं को इस वर्ष होने वाले चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है। इस वर्ष बिहार विधानसभा के चुनाव होने हैं चुनाव के पहले कांग्रेस लगातार राज्य के सभी जिलों प्रखंडों और पंचायत तक विभिन्न प्रकार के अभियान चला रही है।

## धूं-धूं कर जलने लगा कूड़े के ढेर,12 झुग्गियां जलकर राख, लोगों में मची अफरा-तफरी



**बाहरी दिल्ली।** कूड़े में भीषण आग लग गई। इसकी चपेट में आसपास की कई झुग्गियां आ गईं। आग की लपेटे में आकर में 12 झुग्गियां जलकर राख हो गईं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। लोगों ने समय रहते झुग्गियों से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

# ओडिशा में स्कूल टॉपर बना दिहाड़ी मजदूर, मुख्यमंत्री ने दिए जांच के निर्देश

**भुवनेश्वर, 31 मई [एजेंसी]।**




केरल में दिहाड़ी मजदूरी के तौर पर ओडिशा के स्कूल टॉपर के काम करने की खबर सामने आने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने हस्तक्षेप किया है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रायगढ़ जिला कलेक्टर को घटना की जांच करने का निर्देश दिए हैं। वहीं, मजदूरी करने वाले छात्र को वापस लाने तथा उसके उच्च शिक्षा के लिए कदम उठाने को कहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर काशीपुर विकासखंड की अदाजोर पंचायत के पोडापदर गांव के छात्र बलभद्र माझी को जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री राहत कोष और रेडक्रास फंड से 30-30 हजार रुपये दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग को बलभद्र की उच्च शिक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने और सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। उन्होंने बलभद्र के परिवार को उपलब्ध सरकारी योजनाओं के तहत आजीविका सहायता प्रदान करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने उच्च शिक्षा विभाग से इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाने को कहा।

उल्लेखनीय है कि बिषमकटक के मां मरकाम हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले बलभद्र ने प्लस टू आर्ट्स की परीक्षा में 517 अंकों के साथ स्कूल में टॉप किया है। परीक्षा समाप्त होने के बाद बलभद्र अपने दोस्तों के साथ परिवार की वित्तीय स्थिति में सुधार हेतु काम करने के लिए केरल चले गए थे।



# वैन और ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर में तीन की मौत, शवों को देखकर दहले लोग

**बुलंदशहर।** अलीगढ़-गाजियाबाद नेशनल हाइवे पर शनिवार को थाना सिकंदराबाद क्षेत्रान्तर्गत जोखाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के गोपाल पुर गेट के पास एक ट्रैक्टर ट्रॉली पाइप लेकर जा रही थी। जिसका टायर फट गया। इसके कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया, तभी पीछे से आ रही एक ईको वैन ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गयी। जिसमें ईको वैन में सवार तीन लोगों की मौत हो गई है। वैन में सवार दो लोग व एक स्कूटी सवार को भी चोट लगी हैं। जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। शनिवार की सुबह सिकंदराबाद क्षेत्रान्तर्गत जोखाबाद इंडस्ट्रियल एरिया के गोपाल पुर गेट के पास एक ट्रैक्टर ट्राली पाइप लेकर जा रही थी। फ्लाईओवर के ऊपर जिसका टायर फट गया। ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया। पीछे से आ रही इको वैन पाइप से लदे ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि कार सवार दो लोग घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने वैन में फंसे शव एनएचएआई कर्मियों की टीम की सहायता से बाहर निकलवाए। क्षतिग्रस्त वाहनों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## कमल हासन के बयान से नाराज कर्नाटक सरकार, एक्टर की फिल्मों पर लग सकता है बैन

**नई दिल्ली।** कमल हासन के कन्नड़ भाषा पर दिए गए विवादास्पद बयान ने कर्नाटक में तूफान खड़ा कर दिया है। कर्नाटक के कन्नड़ और संस्कृति मंत्री शिवराज तंगडगी ने कमल हासन की फिल्मों पर बैन लगाने की चेतावनी दी है, क्योंकि उन्होंने अपने बयान के लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया। यह विवाद उनकी आगामी फिल्म ठग लाइफ के ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान शुरू हुआ था, जहां उन्होंने कहा कि कन्नड़ भाषा तमिल से जन्मी है।







स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# सियान सदन कोरबा में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 729 बुजुर्ग व्यक्तियों की हुई स्क्रीनिंग



### किया गया निःशुल्क उपचार

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग एवं आयुष विभा तथा लायंस क्लब के सहयोग से वयोवृद्ध देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत आज सियान सदन कोरबा में वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग उपस्थित थे। शिविर में वयोवृद्ध व्यक्तियों तथा पेंशनर्स का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श एवं उपचार किया गया। निःशुल्क दवायें, व्हील चेयर, हियरिंग एड, स्टीक प्रदान किया गया तथा स्वस्थ्य जीवन शैली, व्यायाम, योग के संबंध में विशेषज्ञ सलाह दिया गया।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि इस शिविर में 729 वयोवृद्ध नागरिकों का परीक्षण किया गया। जिसमें बीपी, शुगर, नेत्र, दांत, नाक कान गला, गठिया के मरीजों की स्क्रीनिंग किया गया। जिसमें बीपी के 112, शुगर के 121 नये मरीज मिले, दांत के 31, नाक कान गला के 154, नेत्र से संबंधित मरीजों में 53 लोगों को चश्मा का वितरण किया गया। 31 मोतियाबिंद के संभावित मरीज मिले जिन्हे जिला नेत्र चिकित्सा विभाग चिकित्सा महाविद्यालय में रिफर किया गया। आयुष विभाग द्वारा 108 मरीजों की जांच कर दवाईयां वितरित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 16 वयोवृद्ध नागरिकों को व्हीलचेयर, स्टीक 300 तथा 100 मरीजों को हियरिंग एड प्रदान किया गया।

# शहर में 10 स्थान पर ट्रैफिक पुलिस ने लगाई कन्वैक्स मिरर, हादसे रोकने में मिलेगी मदद



**कोरबा।** बढ़ती सड़क दुर्घटना प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई है। हादसों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस नए तकनीक का इस्तेमाल कर रही है। इसी कड़ी में शहर के चारों ओर पहली बार कॉनवेक्सड्डड्ड मिरर (उत्तल दर्पण) लगाए जा रहे हैं। मिरर उन स्थानों पर लगाए जा रहे हैं, जो अंधा मोड़ है और यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है।यातायात पुलिस की ओर से बताया गया है कि यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कई स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। वाहन चालकों को समझाईश के साथ-साथ उनके विरूद्ध दंडात्मक कार्रवाई किए जा रहे हैं। दुर्घटना के लिहाज से खतरनाक चौक-चौराहों पर संकेतक पहले ही लगाए गए हैं। अब शहर के चारों ओर उन स्थानों कॉनवेक्स मिरर लगाए जा रहे हैं, जहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। इस मिरर में दूर से ही वाहनों के बड़ी तस्वीर नजर आती है। इस मिरर को देखकर अन्य वाहन चालक यह समझ जाते हैं कि आगे कोई वाहन तो नहीं है। कोरबा शहर में पहली बार दुर्घटना की रोकथाम के लिए कॉनवेक्स मिरर का उपयोग किया जा रहा है।

# सुशासन तिहार 2025 के तहत ग्राम पंचायत जटगा समाधान शिविर का हुआ आयोजन

### शिविरों का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं का सीधा लाभ आम जन तक पहुंचाना - डॉ पवन



कोरबा । जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत कलस्टर जटगा में आज सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया शिविर में क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। इसके साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मौके पर प्रदान किया गया।समाधान शिविर के मुख्य अतिथि डॉ पवन कुमार सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत ने संबोधित करते हुए कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक सीधे पहुंचाना था, जिसमें अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रिय सहभागिता रही। ग्रामीणजनों ने समाधान शिविर में शामिल होकर योजनाओं का लाभ उठाया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह रहे। साथ ही विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा की अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी सिंह तंवर, उपाध्यक्ष श्री प्रकाश चंद जाखड़, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) श्री तुलाराम भारद्वाज, जनपद सदस्य श्री रघुराज सिंह,श्री पवन पोया, जनपद पंचायत सीईओ श्री जय प्रकाश डडसेना सहित खंड स्तर के विभागीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, 9 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

समाधान शिविर में जटगा क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत जटगा, मेरई, अमलीकुंडा, नवापारा, कटोरीनगोई, पचरा, मातिन, घुमानीडांड एवं केशलपुर सम्मिलित रहीं। शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा नागरिकों से प्राप्त समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया।जनप्रतिनिधियों के माध्यम से शिक्षा विभाग के द्वारा विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जनपद पंचायत से राशन कार्ड एवं जॉब कार्ड का वितरण किया गया। कृषि विभाग के द्वारा पात्र किसानों को मोटर पंप दिए गए। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए।साथ ही किसानों को केसीसी ऋण के चेक भी प्रदान किए गए। सीईओ जनपद पंचायत के द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# सभी शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालयों में लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर

**कोरबा ।** रीवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम के अंतर्गत बिजली के क्षेत्र में विद्युत के उपयोग एवं देयक को पारदर्शी बनाने के लिए स्मार्ट मीटरिंग का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जिले के सभी शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालयों में शीघ्रता से स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाने में डिस्काम द्वारा चयनित सिस्टम इंटीग्रेटर को सहयोग प्रदान करने एवं कार्यालय में स्मार्ट मीटर लगाकर जिला कार्यालय को सूचना प्रदान करने हेतु निर्देशित किया है।

# अनंतिम योग्यता सूची जारी, अभ्यर्थी 06 जून तक दावा आपत्ति कर सकते है जमा

**कोरबा ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया के ग्राम पंचायत कोरबी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र कुरूडांड़ में सहायिका के रिक्त पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त आवेदनों के जांच व परीक्षण उपरांत अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी किया गया है। मूल्यांकन पत्रक परियोजना कार्यालय चोटिया तथा जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना चोटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जारी अनंतिम सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी 06 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में परियोजना कार्यालय चोटिया में अपनी दावा आपत्ति जमा कर सकते है। दावा आपत्ति में नवीन दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# सायकल रैली का आयोजन कल

**कोरबा ।** विश्व सायकल दिवस के अवसर पर 01 जून को कोरबा शहरी क्षेत्र के एसईसीएल व्हॉलीबॉल मैदान में प्रात: 07 बजे सायकल रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली व्हॉलीबॉल मैदान से प्रारंभ होकर गुरूघासीदास चौक, मुडापार से होते हुए वापस एसईसीएल व्हॉलीबॉल मैदान में समाप्त होगा।खेल विभाग द्वारा उक्त सायकल रैली में अधिक से अधिक संख्या में जिले के जनप्रतिनिधि, समस्त अधिकारी, कर्मचारी, सभी प्रबुद्धजन, स्कूल, कालेज के छात्र-छात्राओं, स्थानीय खिलाड़ी, एनसीसी कैडेटस, एन.एस.एस. समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, स्काउट गाईड, नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य, गणमान्य नागरिकों को निर्धारित समय पर आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर एकजुटता व सहिष्णुता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

## कलेक्टर के निर्देशन ने नारकोटिक्स को-आर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित

# नशीली दवाओं के रोकथाम की दिशा में कड़ी कार्यवाही करें : मनोज कुमार



**कोरबा।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में नारकोटिक्स को आर्डिनेशन समिति के सदस्यों की बैठक कलेक्ट्रेट नवीन सभाकक्ष में आयोजित की गई। अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे ने बैठक में निर्देशित किया कि जिले में नशीली/मादक पदार्थों की बिक्री और सेवन पर कड़ी कार्यवाही करते हुए इसकी बिक्री प्रतिबंधित की जाए। उन्होंने बिना अधिकृत चिकित्सक के चिन्हित दवाओं को बेचने वालों पर कार्यवाही हेतु मेडिकल स्टोर पर सीसीटीवी के माध्यम से नजर रखने और सैकोट्रोपिक ड्रग की खरीदी-बिक्री का रिकार्ड संधारित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने आधार और मोबाइल नम्बर का उल्लेख भी करने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे ड्रग विक्रेताओं की पहचान कर कार्यवाही के निर्देश दिए।

बैठक में डॉक्टरों के सील/मुद्रा की जाँच करने और बिना संस्था प्रमुख के प्रमाण पत्र के किसी का सील जारी न करने के संबंध में चर्चा करते हुए जिले में सील/मुद्रा तैयार करने वालों की बैठक आयोजित करने और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले में कोटपा एक्ट के तहत होने वाली कार्यवाही में वृद्धि करने, शैक्षणिक संस्थानों, कोचिंग संस्थाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों,राशन दुकानों और महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर अभियान चलाते हुए पुलिस, नगर निगम और राजस्व की टीम गठित करने के सम्बंध में निर्देश दिए। अपर कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित स्थान से दूरी का उल्लंघन होने पर कार्यवाही अवश्य की जाए। उन्होंने स्कूल-कॉलेज में विद्यार्थियों हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने, माता-पिता को शामिल करते हुए व्यवहार परिवर्तन को चिन्हित करने, सफाई कर्मियों को साफ सफाई के दौरान सिरिंज या अन्य नशीली वस्तुओं से सम्बंधित सामग्री प्राप्त होने पर पुलिस के माध्यम से कार्यवाही करने, नशामुक्त भारत अभियान अन्तर्गत भारत माता वाहनी को सक्रिय करने, सरकारी कार्यालयों तथा महत्वपूर्ण संस्थाओं से तम्बाखू मुक्त स्थान का प्रमाणपत्र प्राप्त करने,बार,शराब दुकानों, कॉलेज,महत्वपूर्ण चौक चौराहों, होटल,रेस्टोरेंट्स के बाहर नशीली दवाओं के रोकथाम संबंधित जानकारी का बैनर,पोस्टर लगाने के निर्देश दिए गए। बैठक में एडिशनल एसपी नीतीश ठाकुर,मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ केशरी,एसडीएम श्री तुलाराम भारद्वाज, तहसीलदार श्री सूर्यप्रकाश केशकर, सविता सिदार, खाद्य औषधि प्रशासन,उप संचालक कृषि श्री देवेंद्र कँवर,समाज कल्याण,आबकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी थे।

**ड्रग डी एडिक्शन ट्रीटमेंट सेंटर का होता है संचालन**

जिले में नशे के आदि हो चुके व्यक्ति के उपचार हेतु ड्रग डी एडिक्शन ट्रीटमेंट का संचालन जिला अस्पताल में किया जाता है। इसके साथ ही नशामुक्ति के लिए राज्यस्तरीय टोल-फ्री नम्बर 14446 एवं अवैध मादक पदार्थों की रिपोर्टिंग के लिए टोल फ्री एन्टी नारकोटिक्स हेल्पलाइन नम्बर 1933 में भी जानकारी दी जा सकती है।

# हाथी से सुरक्षा हेतु अब केंद्र नहीं, फील्ड में रहेंगे कर्मी-ग्राम बनिया में दो चौकीदार तैनात

कोरबा । 8- जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत ग्राम बनिया में गत दिवस एक हाथी के द्वारा किए गए हमले में ग्रामीण की मौत ने ग्राम में शोक के साथ आक्रोश व्याप्त कर दिया हैं। ग्रामीण इस बात को लेकर आक्रोशित हैं कि ग्राम में हाथी घुस आया लेकिन वन अमले ने किसी भी तरह की ना तो मुनादी की, ना तो लाउडस्पीकर चलाया गया और ना ही ग्रामीणों को सचेत करने का कोई भी कार्य किया गया। वन अमला खुद हाथी के मुव्हमेंट से पूरी तरह बेखबर रहा और ग्रामीणों को हाथी के आने की कोई भी भनक नहीं लग सकी। घटना की सूचना उपरांत शाम लगभग 7ः30 बजे तकरीबन 5 घंटे विलंब से वन अमला घटना स्थल पर पहुंचा, इससे ग्राम की महिलाएं नाराज हैं। घटना के बाद से ग्राम बनिया, गाड़ागोड़ा, सेमरापारा, डंगोरा, सिटीपखना, चोटिया, लमना, परला, कांपा नवापारा, लालपुर में भययुक्त चिंता व्याप्त है। ग्रामीण वन विभाग के रवैया के खिलाफ आंदोलन का भी मन बना रहे हैंद्य ग्राम बनिया में हुए हाथी के हमले से मौत के बाद इसे डीएफओ कुमार निशांत ने गंभीरता से लिया है। हालांकि वे वर्तमान में विभागीय प्रशिक्षण पर हैं किंतु पूरे घटनाक्रम पर उनकी नजर बनी रही। उन्होंने इस आशय के निर्देश अधीनस्थ को दिए हैं कि हाथी नियंत्रण केंद्र में कोई भी कर्मचारी नहीं रुकेगा, बल्कि सभी कोई फील्ड में ही रहेंगे। उनका भोजन, पानी फील्ड में पहुंचा कर दिया जाएगा। इसके अलावा बनिया पंचायत के लिए दो चौकीदार अलग से रखे जाने के लिए भी कहा गया है जो हाथियों का लोकेशन जानते हुए ग्रामीणों को विभिन्न माध्यमों से मुनादी कर सतर्क भी करेंगे। वन प्रबंधन समिति के माध्यम से इन्हें वेतन का भुगतान किया जाएगा। हाथी प्रभावित क्षेत्र के निवासी डॉ. खेम चंद्र कहते हैं कि हाथियों का द्वंद कैसे रोका जाए, इस पर अभी तक न सरकार की तरफ से कोई ठोस पहल की जा रही है न वन विभाग की तरफ से सतत निगरानी की जा रही है।

# प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरी विश्व विद्यालय ने मनाया विश्व तम्बाकू निषेध दिवस



**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कोरबा द्वारा विश्व सद्भावना भवन टी.पी. नगर में विश्व तम्बाकू निषेद दिवस मनाया गया साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान का भी उदघाटन किया गया।

इस अवसर पर अतिथि के रूप में कोरबा नगर निगम के पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, अक्षय हॉस्पिटल से डॉ. के.सी देबनाथ, बी. के रुक्मणि दीदी एवं बी. के. बिंदु दीदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों का स्वागत तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेट कर किया गया।

मंचस्थ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर अभियान का शुरुआत की

इस अवसर पर बी. के. लीना दीदी ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा की पुरे देश में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा यह अभियान चलाया जा रहा है, आजकल सारी युवा पीढ़ी इस नशे की आदत के वश है, नशा एक ऐसी आदत है जो जबरदस्त रस्सी की तरह है जिसे हम खुद बांदते है और उसमे खुद ही फस जाते है और साथ ही उनहोने ने बताया की यहाँ आने वाले कई भाई एवं बहनों का अनुभव की यहाँ आकर मैडिटेशन करने से बहुतो के नशे की आदत खत्म हुयी है। डॉ. के.सी. देबनाथ ने कहा की प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा तम्बाकू निषेद दिवस मनाया जा रहा है उन्होंने कहा की हर वर्ष युवायो के लिए नए-नए प्रकार के नशीले पधार्थों का उत्पादन किया जा रहा है और हम सब का यह कर्तव्य है।राजकिशोर प्रसाद ने कहा की नशा मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है और हम सब का कर्तव्य है की जो भी हमारे भाई एवं बहने इस नशे के आदत के वश है उसे सही रास्ता दिखाए इस अवसर पर बी.के.बिन्दु ने कहा की यह जरुरी नही की लोग बीडी, सिगरेट, तम्बाकू का ही नशा करे लेकिन आजकल सबसे बड़ा नशा लोग कर रहे है वो है मोबाइल का, देखा जाए तो आजकल हर एक व्यक्ति अपने दिनचर्या का 5-6 घंटा सिर्फ मोबाइल के उपयोग में ही लगा देता है और यही कारण है आजकल सभी डिप्रेशन और एंग्जायटी जैसी बीमारियों के वश मेँ है। बी. के. रुक्मणि दीदी जी ने अपना आशीर्वचन देते हुए कहा की सभी नशो में है नुकसान बस एक ही ऐसा नशा है जिसमे अपना भी फैयदा और दुसरो का भी फैयदा और वो है नारायणी नशा, स्वर्ग में जाने का नशा और लक्ष्मी नारायण जैसा बनने का नशा अगर हम यह नशा चढ़ा ले तो हमे देखकर दुसरो को भी यह नशा चढ़ जियेगा। साथ ही सभी नशा मुख्त भारत बनाने का प्रतिज्ञा लिया और बच्चो द्वारा अनेक नाटक भी प्रस्तुत किये गये 7 कार्यक्रम का सफल संचालन शेखर राम ने किया और कार्यक्रम मेँ बड़ी संख्या भाई बहनों की उपस्थिति रही

# कन्या महाविद्यालय में छात्राओं की वर्षों पुरानी मांग पूरी करते हुए दी बड़ी सौगात

### कैंटीन भवन निर्माण का लेआउट तैयार

**कोरबा ।** शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की छात्राओं के लिए लंबे समय से लंबित एक महत्वपूर्ण आवश्यकता पूरी होने जा रही है। महाविद्यालय में कैंटीन भवन, किचन एवं स्टोर रूम के निर्माण के लिए विधिवत रूप से लेआउट कार्य संपन्न हुआ। यह कार्य जनभागीदारी अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती वर्षा दिनेश वैष्णव के सतत प्रयासों एवं नेतृत्व में संभव हो सका। उनके साथ इस प्रक्रिया में पूर्व पार्षद एवं जनभागीदारी सदस्य दिनेश वैष्णव, जोन कमिश्नर, ठेकेदार एवं नगर निगम के अधिकारीगण उपस्थित रहे। महाविद्यालय की स्थापना के समय से ही यहां छात्राओं के लिए कैंटीन की सुविधा नहीं थी, जिसके कारण भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था बाहर से करनी पड़ती थी। इस असुविधा के कारण छात्राओं को कई बार समस्याओं का सामना करना पड़ता था। कॉलेज प्रशासन, छात्राएं एवं अभिभावक लंबे समय से इस मांग को उठा रहे थे। छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग, वाणिज्य और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन तक यह मांग पहुँचाई गई, जिसके पश्चात जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती वर्षा दिनेश वैष्णव ने उसे मूर्त रूप देने की दिशा में सक्रिय पहल की। उनके प्रयासों के फलस्वरूप महाविद्यांलय परिसर में भवन निर्माण के लिए स्थान का चयन कर लेआउट प्रक्रिया पूरी की गई।

# DMF घोटाला:कोरबा के 4 पूर्व सीईओ की जमानत खारिज



**कोरबा।** डीएमएफ घोटाले के मामले में कोरबा जनपद पंचायत के 4 पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारियों (सीईओ) की जमानत खारिज कर दी गई है। ईओडब्ल्यू के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने जमानत आवेदन को निरस्त करते हुए कहा कि जांच अभी जारी है और आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं।

**आरोपी अधिकारियों में**

भरोसाराम ठाकुर, पूर्व नोडल अधिकारी डीएमएफटी

भूनेश्वर सिंह राज, पूर्व जनपद सीईओराधेश्याम मिर्झा, पूर्व जनपद सीईओवीरेंद्र कुमार राठौर, पूर्व जनपद सीईओ के नाम शामिल है। ईओडब्ल्यू की जांच में पता चला है कि आरोपियों ने डीएमएफ फंड के कार्यों में अनियमितता की और निविदा आवंटन में भुगतान स्वीकृति के बदले अवैध रूप से कमीशन लिया। जांच में अब तक 90 करोड़ 48 लाख रुपये से ज्यादा के घोटाले का पता चला है।

अदालत का फैसला विशेष न्यायाधीश ने ईओडब्ल्यू की दलीलों को स्वीकार करते हुए जमानत आवेदन को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि जांच अभी जारी है और आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, इसलिए जमानत देना उचित नहीं होगा ।

# बोईदा समाधान शिविर में प्राप्त 4053 आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण किया गया

### विधायक प्रेमचंद ने हितग्राहियों को श्रम कार्ड किए वितरित



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2025 के तहत आज हायर सेकंडरी स्कूल बोईदा जनपद पंचायत पाली में समाधान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर सुशासन तिहार के तीसरे और अंतिम चरण के अंतर्गत आयोजित किया गया,जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण को प्राथमिकता दी गई। शिविर में कुल 4053 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका शत प्रतिशत निराकरण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कें साथ हुआ। अवसर पर विधायक श्री प्रेमचंद्र पटेल कटघोरा विधानसभा ,जनपद पंचायत पाली अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा शोभा सिंह जगत, जिला पंचायत कोरबा उपाध्यक्ष श्रीमती निकिता मुकेश जायसवाल, नोडल अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे एसडीएम, पाली सहित अनेक जनप्रतिनिधि ,अधिकारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

शिविर में बोईदा क्लस्टर की 09 ग्राम पंचायतों से प्राप्त 4053 आवेदनों का पूर्ण निराकरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई एवं हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विधायक श्री प्रेमचन्द के द्वारा शासकीय योजनाओं के अंतर्गत राजस्व विभाग से 2 किसानों को किसान किताब,श्रम विभाग द्वारा 11 श्रमिकों को श्रम कार्ड ,जिला सहकारी बैंक द्वारा 14 किसानों को केसीसी ऋण वितरण किया गया।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली, श्री भूपेन्द्र कुमार सोनवानी द्वारा सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणजनों का आभार व्यक्त किया गया।

# 46 हितग्राहियों को आवास का हुआ आबंटन

**कोरबा ।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्मित आवासगृहों की आबंटन समिति के अध्यक्ष व कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में 46 आवासगृहों का आबंटन पात्र हितग्राहियों को किया गया, योजना के अंतर्गत दादरखुर्द में नवनिर्मित आवासगृहों में से अब तक 649 हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित कर उन्हें पक्के मकान आबंटित कराए जा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा दादरखुर्द के समीप 2784 आवासगृहों का निर्माण कराया गया है, जहाँ पर पानी, बिजली, सड़क सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं बनाई गई हैं। उसमे भू-तल, प्रथम तल, द्वितीय तल एवं तृतीय तल में आवासगृह स्थित है। उक्त आवासीय कालोनी में पूर्व में 603 आवासगृहों का आबंटन किया जा चुका था, पुन: नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में लाटरी पद्धति से 46 पात्र हितग्राहियों को आवासगृहों का आबंटन किया गया, इस प्रकार दादरखुर्द में अब तक कुल 649 हितग्राहियों को आवासगृह आबंटित कर उन्हें पक्के मकान की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

# नवागढ़ थाना प्रभारी पर लगे गंभीर आरोप, कार्यवाही की माँग को लेकर पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

**जांजगीर चांपा।** नवागढ़ थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी पारस पटेल के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए गए हैं। आरोप है कि श्री पटेल द्वारा थाने में आए मामलों को 'सेटिंग' के माध्यम से सुलझाया जा रहा है तथा अवैध कार्यों में लिप्त लोगों से आर्थिक लाभ लिया जा रहा है।

ताजा मामला 26 मई 2025 का है, जिसमें स्थानीय मामला ग्राम पचरी का है जिसमें आवेदक एवं अनावेदक के द्वारा आपसी राजीनामा के बाद भी थाना प्रभारी द्वारा अनावेदक सतनामी समाज के व्यक्ति से 10,000 रुपया लिया गया।

इससे पहले 14 अप्रैल बाबा साहब अम्बेडकर जी की बधाई बैनर लगा था जिसमें अम्बेडकर सहित महापुरुषों का फोटो लगा था जिस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं किया है,वहीं एक नाबालिक लड़की पिछले 50 दिनों से लापता है जिसका लोकेशन छत्तीसगढ़ राज्य से बाहर आया है उसको लाने के लिए पीड़ित परिवार से 50,000 आने जाने का खर्च मांगा गया,

एवं थाना में कोई भी आवेदन जाता है तो पहले पैसे निकालने का मांग किया जाता है,नहीं निकलते है तो कार्यवाही करते है,आज पास के शराब,जूवा, सट्टा जैसे अवैद्य कारोबार में सेटलमेंट कर पैसे उगाही किया जा रहा है जिससे आस पास में अपराध बढ़ गया है वहीं जब से थाना प्रभारी बने है तब से नवागढ़ थाना क्षेत्र ने चोरी की अपराध भी अपराध चरम पर है।

ऐसे सभी मामलों को लेकर भीम रेजिमेंट छत्तीसगढ़,प्रगतिशील सतनामी समाज,और क्षेत्र के नागरिकों में भारी आक्रोश फैल गया है। उन्होंने नवागढ़ थाना प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा है।ज्ञापन में तीन दिनों के भीतर थाना प्रभारी पारस पटेल को हटा कर उचित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी गई है। फिलहाल प्रशासन की ओर से इस मामले पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## ढाबों पर शराब बिक्री

# पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल, आबकारी विभाग की सक्रियता से तुलना

**चांपा।** चांपा थाना क्षेत्र के ढाबों में खुलेआम बिक रही शराब पर चांपा पुलिस की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। स्थानीय निवासियों और विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, इन ढाबों पर धड़ल्ले से अवैध शराब बेची जा रही है, लेकिन चांपा पुलिस केवल खानापूर्ति की कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रही है। वहीं, दूसरी ओर आबकारी विभाग लगातार ऐसे मामलों में सक्रियता से कार्रवाई कर रहा है, जिससे पुलिस की भूमिका पर गहरा संदेह पैदा हो रहा है।




**पुलिस की खानापूर्ति पर उठते सवाल**

चांपा थाना क्षेत्र में कई ऐसे ढाबे हैं जहाँ देर रात तक शराब परोसी जाती है। इन ढाबों के संचालकों पर शराब बिक्री का लाइसेंस न होने के बावजूद भी, पुलिस की ओर से कोई ठोस और लगातार कार्रवाई देखने को नहीं मिलती। इक्का-दुक्का बार जब कार्रवाई होती भी है, तो वह इतनी सतही होती है कि कुछ ही दिनों में ढाबों पर शराब की बिक्री फिर से शुरू हो जाती है। यह स्थिति पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। क्या पुलिस जानबूझकर इन अवैध गतिविधियों को अनदेखा कर रही है? या फिर इसमें किसी प्रकार की मिलीभगत है?

**आबकारी विभाग की सक्रियता और पुलिस की निष्क्रियता में विरोधाभास**

चौंकाने वाली बात यह है कि जहां चांपा पुलिस ढाबों पर शराब बिक्री रोकने में विफल दिख रही है, वहीं आबकारी विभाग लगातार सक्रियता से ऐसे मामलों पर कार्रवाई कर रहा है। हाल ही में आबकारी विभाग ने कई ढाबों पर छापे मारकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। आबकारी विभाग की यह सक्रियता चांपा पुलिस की निष्क्रियता के बिल्कुल उलट है, जिससे यह सवाल उठता है कि जब आबकारी विभाग को इन ढाबों पर अवैध शराब की जानकारी है, तो पुलिस को क्यों नहीं है? या जानकारी होने के बावजूद पुलिस क्यों नहीं कार्रवाई कर रही है?

**जनता में बढ़ रहा असंतोष**

ढाबों पर खुलेआम बिक रही शराब से न केवल कानून व्यवस्था बिगड़ रही है, बल्कि इससे सामाजिक माहौल भी दूषित हो रहा है। खासकर युवाओं और स्कूली छात्रों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय जनता में पुलिस की इस निष्क्रियता को लेकर भारी असंतोष है। उनका कहना है कि अगर पुलिस ईमानदारी से कार्रवाई करे, तो ढाबों पर शराब की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाया जा सकता है।

**उच्चाधिकारियों को हस्तक्षेप की आवश्यकता**

चांपा थाना क्षेत्र में ढाबों पर अवैध शराब बिक्री का यह मामला पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस पूरे मामले में उच्चाधिकारियों को तत्काल संज्ञान लेते हुए गहन जांच करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। यह आवश्यक है कि पुलिस अपनी जिम्मेदारियों को समझे और समाज में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए ईमानदारी से काम करे। जब तक पुलिस इस मुद्दे पर गंभीर नहीं होगी, तब तक चांपा के ढाबों पर शराब की अवैध बिक्री बदस्तूर जारी रहेगी, और इससे जुड़े संदेह भी बने रहेंगे।

## कुएं की खुदाई करते समय मिला था सतबहिनियां शीतला माता की प्राचीन मूर्तियां -राजेश्री महन्त



**जांजगीर चांपा।** आज से लगभग 150 वर्ष पूर्व जब अकलतरा में पानी की बहुत कमी थी तब गौरी शंकर सिंह पवार जी इस स्थान पर कुआं खुदवा रहे थे। बहुत गहराई तक खुदाई होने के पश्चात पानी तो नहीं मिला लेकिन सतबहिनिया शीतला माता की मूर्ति प्राप्त हुई। उस समय पवार जी ने प्रार्थना करते हुए कहा कि- यदि एक घंटे के अंदर इस कुएं से पानी निकल जाए तब मैं आपकी सेवा करूंगा मेरा परिवार भी आपकी सेवा में रहेगा और यदि ऐसा नहीं हुआ तब आपको पत्थर समझ कर सड़क के किनारे रख दूंगा। दस मिनट के पश्चात ही कुएं में पानी की धारा निकलने लगी। तब उन्होंने शीतला माता मंदिर की स्थापना की थी यह बातें छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास ने शीतला माता मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह, स्टेशन रोड, अकलतरा में श्रद्धालु भक्तों को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि -आज इस मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है और माता पुनः विराजित हुई है। सेवा का कार्य शिवराज सिंह पवार के पश्चात उनकी सुपुत्री के द्वारा की जा रही है। इस पावन अवसर पर मुझे भी सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला यह माता शीतला जी की कृपा है। लोगों को समाज सेवी लक्ष्मण मुकीम जी ने भी संबोधित किया और कहा कि इस मंदिर के चारों ओर सफाई कार्य की बहुत ही आवश्यकता थी जिसे यहां के नवयुवकों ने मिलकर पूरा किया है।यह स्थान दिव्य बना है इसके पश्चात भी ये लोग रामकुटी का कायाकल्प करना चाह रहे हैं यह स्वागत योग्य कदम है। लोगों को हनुमानकुटी बलौदा के पुजारी रामदास जी महाराज ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विशेष रूप से राजेश अग्रवाल, विजय केडिया, नानक चंद अग्रवाल, सुश्री शारदा कश्यप, अखिलेश शास्त्री, महेंद्र तिवारी, छत्रपाल शर्मा, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नगरीक गण एवं श्रद्धालु भक्त जन काफी संख्या में उपस्थित थे।

## नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु 05 जून तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत पामगढ़ के वार्ड क्रमांक 01, 02, 13, 14, 15 व 04, 05, 06, 07 नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन करने हेतु 05 जून 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़ ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान संचालन के लिए इच्छुक एजेंसी, स्थानीय नगरीय निकाय, अन्य सहकारी समिति, प्राथमिक कृषि साख समिति, महिला स्व0 सहायता समूह आवश्यक दस्तावेज व प्रस्ताव सहित निर्धारित तिथि तक कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय पामगढ़ प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आधे-अधूरे आवेदन पत्र को अमान्य किया जाएगा।

## प्राकृतिक आपदा से राहत एवं बचाव हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**जांजगीर-चांपा।** अगामी मानसून में प्राकृतिक आपदा से बचाव और राहत व्यवस्था के संबंध में बाढ़ अतिवृष्टि की स्थिति पर सतत निगरानी रखने तथा सूचना के आदान-प्रदान हेतु जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में की गई है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक-07817222032 है। अपर कलेक्टर श्री आर के तंबोली को नियंत्रण कक्ष का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नंबर 9424164556 है।

# मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला-जांजगीर द्वारा बाटा गया शरबत व सुहाग सामग्री

**जांजगीर चांपा।** भीषण गर्मी व नौतपा को देखते हुए व वट सावित्री व्रत एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नैला-जांजगीर के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जोन-4 अमर सुल्तानिया के मार्गदर्शन एवं प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के निर्देशानुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया।

शाखा की अध्यक्ष श्रीमती पूनम अग्रवाल के नेतृत्व मे भीषण गर्मी एवं नौतपा को देखते हुए एवं वट सावित्री व्रत के साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के जन्मदिवस के पावन पर्व पर अग्रेशन भवन के सामने स्थित पुराने शिव मंदिर में आम पन्ना एवं शरबत का वितरण किया गया इसी के साथ-साथ वट सावित्री पर्व के मंदिर परिसर में उपस्थित पूजा करने आई सुहागन महिलाओं को सुहाग सामग्री का भी वितरण किया गया।



शाखा की अध्यक्ष श्रीमती पूनम अग्रवाल ने कहा कि हमारी शाखा द्वारा लगातार ऐसे जनहित कार्य किया जा रहा है जो समाज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इसी के तहत हमारे द्वारा नौतपा के अंतर्गत नौ दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है किसी के अंतर्गत हमारे द्वारा आज शिव मंदिर परिसर में आम पन्ना एवं सरवत के साथ-साथ सुहागन महिलाओं को सुहाग सामग्री कभी वितरण किया गया इसके साथ-साथ प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत गांधी के जन्म दिवस पर उनकी लंबी आयु के लिए भगवान से प्रार्थना भी की गई रागिरो द्वारा ओके शरबत व आम पन्ना ग्रहण कर एवं सुहागन महिलाओं ने सुहाग सामग्री प्राप्त कर शाखा का धन्यवाद ज्ञापित किया शाखा की अध्यक्ष पूनम अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपनी शाखा के समस्त सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया

उक्त कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से अध्यक्ष श्रीमती पूनम अग्रवाल, सचिव श्रीमती मनीषा अग्रवाल कोषाध्यक्षश्रीमती पूनम जगनी श्रीमती कल्याणी भोपालपुरिया श्रीमती पिंकी शर्मा श्रीमती खुशबू शर्मा श्रीमती अनिता बंसल श्रीमती ममता भोजासिया सहित सदस्यगण उपस्थित रहे।



## दुपहिया की भिड़ंत में एक युवक घायल

**जांजगीर-चांपा।** जिले के बिर्रा थाना क्षेत्र में बसंतपुर रोड पर दो बाइक की टक्कर में एक व्यक्ति घायल हो गया। तालगांव निवासी 40 वर्षीय गुड्डू पटेल अपनी प्लेटिना बाइक से बिर्रा की ओर जा रहे थे। बसंतपुर-बिर्रा के बीच एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में गुड्डू पटेल के चेहरे और हाथों में चोटें आईं। दूसरा बाइक चालक मौके से फरार हो गया। बिर्रा प्रेस क्लब के पत्रकारों को घटना की सूचना मिलते ही वे तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने बिर्रा पुलिस को सूचित किया।

प्रेस क्लब बिर्रा के अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद डडसेना, उपाध्यक्ष जीवनलाल साहू और सदस्य हेमंत जायसवाल ने घायल को अपनी कार से अस्पताल पहुंचाया। घायल के परिजनों ने पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा छत्तीसगढ़**

क्रमांक/1178/अ.वि.अ./खाद्य/25
कोरबा दिनांक 29.5.2025

**// ईश्तहार//**

ग्राम पंचायत क्षेत्र- जर्वे जनपद पंचायत करतला के सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश-2016 के प्रावधानों, नियमों एवं शर्तों के तहत ग्राम पंचायत मुख्यालय जर्वे जनपद पंचायत करतला जिला कोरबा में शासकीय उचित मूल्य दुकान शॉप आई.डी. नंबर 552002056 निम्नांकित एजेंसियों को आबंटित किया जाना है:- 1. ग्राम पंचायत 2 महिला स्व. सहायता समूह 3. प्राथमिक सहकारी साख समितियों / लेम्प समितियां 4. वन सुरक्षा समितियां 5. भूतपूर्व सैनिकों द्वारा गठित सहकारी समितियां 6. अन्य सहकारी समितियों जो छत्तीसगढ़ सहकारिता अधिनियम 1960 अथवा छत्तीसगढ़ स्वायत्त सहकारी अधिनियम-1999 के तहत पंजीकृत हो जिसके उद्देश्य में संबंधित कार्य का उल्लेख हो) एजेन्सियों का कार्यक्षेत्र ग्राम पंचायत जर्वे का होना अनिवार्य है।

उपर्युक्त एजेन्सियां कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी कोरबा में दिनांक 14/6/2025 तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र निम्नांकित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत कर सकते है:- 1. संस्था अथवा समिति का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति 2. संस्था अथवा समिति के पदाधिकारियों की सूची 3. संस्था अथवा समिति द्वारा खोले गये बैंक पासबुक की सत्यापित प्रति 4. वर्तमान में बैंक में उपलब्ध धनराशि का विवरण, आधार कार्ड, राशन कार्ड की सत्यापित प्रति,। दिनांक 14/6/2025 के पश्चात् प्रस्तुत आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 29/5/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कोरबा, छ.ग.**

# कोविड-19 से बचाव करें, घबराएं नहीं स्वास्थ्य विभाग की अपील

**चांपा।** कोविड-19 एवं अन्य संक्रामक रोगों के मामलों में वृद्धि को देखते हुए, जिला स्वास्थ्य विभाग आमजन से अपील करता है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि सतर्क रहें और जरूरी सावधानियों का पालन करें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताए गए दिशा-निर्देशों का पालन करके हम सभी अपने परिवार और समाज को सुरक्षित रख सकते हैं। निम्नलिखित उपाय अपनाकर आप संक्रमण के खतरे को काफी हद तक कम कर सकते हैं:-

1. खांसी, सर्दी, बुखार या सांस की दिक्कत होने पर तुरंत जांच करवाएं।
2. सार्वजनिक स्थानों पर मास्क अवश्य पहनें।
3. भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचें, सामाजिक दूरी बनाए रखें।
4. बार-बार हाथ धोएं या सैनिटाइजर का उपयोग करें।
5. बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों का विशेष ध्यान रखें।
6. स्वास्थ्य संस्थानों में कार्यरत सभी कर्मचारी एवं मरीजों के साथ आए परिजनों को मास्क पहनना अनिवार्य है।
7. छींकते या खांसते समय रूमाल या टिशू का प्रयोग करें।
8. किसी भी प्रकार के लक्षण दिखने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें या 104 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें।

स्वास्थ्य विभाग आप सभी से अनुरोध करता है कि अफवाहों पर ध्यान न दें और सिर्फ आधिकारिक स्रोतों से मिली जानकारी को ही मानें। मिलकर हम इस बीमारी को रोक सकते हैं।

## अवैध शराब खरीदी-बिक्री रोकने मुहिम

**रायगढ़।** जिले के कई गांवों में अवैध महुआ शराब की बिक्री हो रही है। जिससे गांव की महिलाएं काफी परेशान हैं। ऐसे में कोतरा रोड थाना क्षेत्र के गांव में पुलिस की पहल से अब महिलाओं की समिति गठित की जा रही है, जो तत्काल अवैध शराब की सूचना पुलिस को देंगी और पुलिस उन पर कार्रवाई करेगी।

गुरुवार को थाना प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी समेत उनकी टीम बायंग पहुंची। ग्राम सरपंच, पंचों और अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में महिला समिति का गठन किया गया। इसके अलावा शुक्रवार को ग्राम नंदेली में महिला समिति का गठन किया गया और अब तक करीब 10 से 12 गांव में समिति गठित की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि इसका अच्छा रिस्पांस भी आ रहा है।

# मनरेगा से पशुपालन को मिला नया आधार रामनारायण बने आत्मनिर्भरता की मिसाल

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने ग्राम नवगवां के किसान रामनारायण साहू की ज़िंदगी में नई उम्मीद की किरण जगाई है। पशुपालन से जीवनयापन कर रहे श्री साहू को मनरेगा के अंतर्गत व्यक्तिगत हितग्राही कार्य के रूप में पक्का पशु शेड का निर्माण कराया गया, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और पशुओं की देखरेख भी बेहतर हो पाई है।

जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नवगवां के श्री रामनारायण साहू के पास कुल 18 भैंसे हैं, जिन्हें पहले कच्चे शेड में रखना पड़ता था। वर्षा व ग्रीष्म ऋतु में जानवर बीमार पड़ते थे, जिससे दूध उत्पादन प्रभावित होता था। उन्होंने ग्राम पंचायत से पक्का शेड निर्माण की मांग की, जिसे ग्राम पंचायत से मंजूरी मिलने के बाद जनपद पंचायत से जिला पंचायत प्रशासकीय स्वीकृति के लिए भेजा गया। जिला पंचायत से 76 हजार 122 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति से निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। जिस कार्य में मनरेगा के श्रमिकों ने काम करते हुए 37 मानव दिवस का सृजित किया। पशु शेड का निर्माण होने के बाद अब पशु स्वस्थ रहते हैं, रामनारायण बताते हैं कि पशुओं के लिए बेहतर शेड मिलने से अब प्रतिदिन 20 लीटर दूध उत्पादन हो रहा है। प्रतिदिन 10 लीटर दूध बेचकर श्री साहू 12,000



रुपए मासिक आमदनी अर्जित कर रहे हैं। इसके साथ उन्हें दूध से 2 किलो खोवा बनाकर 7 हजार 500 मासिक अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। प्रतिदिन प्राप्त गोबर का उपयोग खाद के रूप में फसलों में करने से उन्हें बाहर से ज्यादा खाद नहीं खरीदनी पड़ रही है तो दूसरी ओर गोबर से कंडे का उपयोग ईंधन के रूप में किया जा रहा है। श्री साहू ने बताया कि अब पशुओं को बारिश और धूप से राहत मिली है। वे कम बीमार होते हैं और दूध उत्पादन पहले से अधिक है। इस आमदनी से पशुओं के लिए चारा खरीदता हूँ और घरेलू खर्च भी सहज हो पाया है।

## तालाब सौंदर्यीकरण में घोटाले का आरोप

**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवागढ़ जनपद पंचायत में तालाब सौंदर्यीकरण को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। नगर पंचायत की वर्तमान अध्यक्ष निर्मला देवांगन ने पूर्व अध्यक्ष और सीएमओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

लंकेटर तालाब के सौंदर्यीकरण में 1 करोड़ 49 लाख रुपए की लागत से काम होना था। वर्तमान अध्यक्ष और भाजपा पार्षदों का आरोप है कि तालाब में बिना बेस के गलत पत्थरों से पिचिंग की गई। तालाब की खुदाई कर मुरूम की चोरी की गई। करोड़ों के निर्माण कार्यों का भुगतान बिना काम पूरा कराए ही कर दिया गया।

यह काम पूर्व कांग्रेस समर्थित अध्यक्ष भुवनेश्वर केशरवानी के कार्यकाल में स्वीकृत हुआ था। इसमें तालाब का गहरीकरण, पिचिंग, चेकर टाइल्स, सड़क निर्माण और विद्युत सजावट शामिल थे।

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER (CIVIL) CIRCLE-I**
**2x500 MW,ABVTPS CSPGCL MARWA-TENDUBHATHA, DISTT. JANJGIR-CHAMPA**

No. 005-7800/Tend./ABVTPS/308 Marwa Dated: 30.05.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Tender for following works from Registered contractors of CSPGCL/CSPDCL/CSPTCL or from registered contractors in any Govt. organization/Undertaking are hereby invited in the prescribed form by office of the undersigned. Unregistered contractors having experience of works in Govt. organization/undertaking can also apply, appending experience certificate issued from Executive Engineer or above rank officer of that organization/undertaking:-

| S.N. | Tender Specification No. | Name of Work | Estimated cost in Rs. (Inclusive of GST) | Completion period | Earnest Money in Rs. | Last Date of application for purchase of tender form | Due Dt. of opening of tender at 4.15 P.M. | Item rate/ SOR of PWD wef 01.01.15 | Class of Contract or |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 10 | 11 | 12 |
| 01 | SEC-I/ ABVTPS/ 2025/T-12 | Deployment of one no. diesel jeep for Superintending Engineer (Civil) Circle-I at 2x500MW, ABVTPS CSPGCL Marwa. | 2082553.00 | 36 Months | 21000.00 | 06.06.25 | 10.06.25 | Item Rates | -- |

**Terms & Conditions:-1.**Tenders will be sold from the office of the S E (Civil) Circle-I, to Employment Provident Fund, ESIC and GST registered firms only. The tender form can be purchased through application along with crossed DD/BC/Pay Order etc. of **Rs. 590/- i/c GST** payable to Sr. A.O. 2x500MW, ABVTPS CSPGCL Marwa Tendubhata and Rs. 100/- shall be paid extra for purchasing tender form through post. CSPGCL will not be responsible for delay receipt of tender form sent by post.**2.**The completed tender form along with EMD amount in the form of DD / Pay Order / Banker's Cheque in the name of Sr. A. O. 2x500MW, ABVTPS CSPGCL Marwa Tendubhata in separate envelope and appended over the sealed tender form envelope will be accepted latest by 4.00 P.M. on due date of opening. The tenders will be opened at 4.15 P.M. on same day in the office of the S E (Civil) Circle I in front of presented contractors or authorized representatives of the participating contractors.**3.**If holiday falls on due date of opening, then the completed tender forms can be submitted on next working day up to 4.00 P.M. & shall be opened on the same day.**4.**Competent authority reserves the right to accept any/all tenders in part or in full. Conditional tenders will not be accepted.**5.**Competent authority reserves the right to cancel the tender NIT without assigning any reason thereof.**6.**Any contractor, who fails to execute agreement within 01 month from date of issue of "Letter of Award" by competent authority, shall be barred from participating in further tenders along with stringent action as per provisions of contract.**7.**The NIT value is inclusive of GST. Bidder should quote their rates excluding GST.**8.**The GST shall be payable extra as applicable.**9.**The tender will be given to the contractors having experience of work. **10.**
**Note:- further details please visit https://cspc.co.in/cspgcl_tender/**

Executive Engineer (Civil) Office
O/o Superintending Engineer (C) Circle-I,
2x500MW, ABVTPS, CSPGCL Marwa- Tendubhatha

**SAVE ELECTRICITY**

S-44018/3

# विकसित कृषि संकल्प अभियान: कलेक्टर ने किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## 12 जून तक चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**जांजगीर-चांपा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने कलेक्टोरेट परिसर से किसान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री ललित मोहन सहित उद्यानिकी, पशुपालन एवं मछली पालन, कृषि विज्ञान केन्द्र के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

विकसित कृषि संकल्प अभियान का उद्देश्य कृषकों को नवविकसित फसल किस्मों एवं कृषि तकनीकों की जानकारी, फसल



विविधीकरण को प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य पत्रक की अनुशंसाओं के आधार पर रासायनिक उर्वरकों के संतुलित तथा वैकल्पिक उपयोग के संबंध में जागरूक करना है। इसके साथ ही कृषकों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं एवं कृषकों द्वारा किये जा रहे नवाचारों का संकलन करते हुए अनुसंधान की कार्यनीति का निर्धारण करना है। इस दौरान ड्रोन तथा स्थानीय स्तर पर निर्मित करने योग्य कृषि आदानों के जीवंत प्रदर्शन का भी आयोजन किया जाएगा। उप संचालक कृषि ने बताया कि प्रत्येक दल के साथ एक ''कृषि रथ'' रहेगा ये टीम प्रतिदिन 6 ग्रामों में पहुंचकर किसानों के साथ वैज्ञानिक परिचर्चा करेंगी। 29 मई से 12 जून तक जिले में ब्लाक नवागढ़ में 20 ग्रामों में शिविर, बम्हनीडीह में 14 शिविर, पामगढ़ में 14 शिविर, अकलतरा में 14 शिविर, बलौदा 16 शिविर कुल 78 शिविरों का आयोजन किया जावेगा।

## अनमोल वचन......

सफलता में दोषों को मिटाने की विलक्षण शक्ति है।

# ईडी को फटकार

तमिलनाडु की खुदरा शराब कंपनी टीएएसएमएसी के खिलाफ धनशोधन की जांच की ईडी की स्वतःस्फूर्त कार्रवाई पर रोक लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बेहद कड़ी टिप्पणी की और यहां तक कह डाला कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) सारी सीमाएं पार कर रहा है और शासन की संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है।

राज्य सरकार और टीएएसएमएसी की याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रधान न्यायाधीश बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने ईडी की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस. वी. राजू से दो टूक कहा, प्रवर्तन निदेशालय सभी सीमाएं पार कर रहा है। धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की सख्त धाराओं के दुरुपयोग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की कई पीठ पहले भी ईडी को जमकर फटकार लगा चुकी हैं।

विपक्षी दल तो ईडी के कथित दुरुपयोग के खिलाफ अक्सर विरोध जताते ही रहते हैं। पीठ ने राज्य सरकार और टीएएसएमएसी की दलीलों पर गौर करते हुए टीएएसएमएसी के खिलाफ जांच पर फिलहाल रोक लगा दी है। तमिलनाडु सरकार और टीएएसएमएसी का तर्क है कि शराब दुकानों के लाइसेंस देने में कथित अनियमितताओं को लेकर हम पहले ही आपराधिक कार्रवाई शुरू कर चुके हैं। 2014 से अब तक इस मामले में 41 प्राथमिकियां दर्ज की जा चुकी हैं और अब ईडी बीच में कूदकर टीएएसएमएसी पर ही छापेमारी कर रही है। इस पर पीठ ने फटकार लगाते हुए ईडी से तीखा सवाल किया कि आप राज्य द्वारा संचालित टीएएसएमएसी पर कैसे छापा मार सकते हैं। तमिलनाडु सरकार ने संवैधानिक अधिकारों और संघीय ढांचे के गंभीर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए अपनी याचिका में कानून के व्यापक प्रश्न उठाए हैं, जिनमें संघवाद का मुद्दा भी शामिल है। जिसमें ईडी अपने दायरे से बाहर जाकर और राज्य के अपराध की जांच करने के अधिकार को हड़पने का प्रयास कर रहा है। राज्य सरकार की दलील है कि टीएएसएमएसी को इन प्राथमिकी में से किसी में भी आरोपी नहीं बनाया गया है और कई मामलों में वह शिकायतकर्ता है। दरअसल, यह मामला राज्य और केंद्र सरकार के बीच काफी समय से चल रही चांदमारी का ही एक और नमूना है जिसमें ईडी तो कभी सीबीआई निशाने पर आते रहते हैं। यह उम्मीद की जानी चाहिए कि इस शर्मनाक स्थिति से बचने के लिए ईडी अपनी कार्यपण्राली में बदलाव लाएगी।

## राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जो आपके लिए सफलता का नया मार्ग दिखाने वाला साबित होगा। आज आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। इस राशि के जिन लोगों का आज बर्थडे है वो दोस्तों को अपने हाथ की बनायी डिश खिलाएंगे।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आपकी परेशानी जिससे आप काफ़ी दिनों से परेशान थे उसका निवारण हो जायेगा। आज ऑफिस में कलीग को आपसे बहुत कुछ सीखने का मौका मिलेगा। इस राशि के जिन लोगों को किसी बिजनेस की शुरुआत करनी है उनके लिए आज का दिन बढ़िया है।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। किसी नए काम को शुरू करने के लिए समय अनुकूल है। आज आप माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का विचार बनायेंगे, मन में भक्ति-भाव बना रहेगा। इस राशि के अविवाहितों को आज विवाह के प्रस्ताव मिलेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज किसी काम में बड़े भाई की सलाह से आपको पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा, रिश्ते में भी मधुरता बढ़ेगी। आज आप काम करने से पहले पॉजिटिव और नेगेटिव हिस्सों पर सोच-विचार करेंगे, सफलता मिलनी तय है। दांपत्य जीवन में आज खुशहाली रहेगी, घर में मेहमानों के आने और मेल-मिलाप से खुशी बढ़ेगी।

सिंह राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। अपने व्यापार को बढ़ाने की योजना पर काम करने का अच्छा समय है। आज घर की सजावट में किये गए बदलाव से आपको खुशी मिलेगी। लवमेट आज कही घूमने की प्लानिंग बना सकते हैं। आज कार्यस्थल पर व्यस्तता से भरे माहौल से निकलकर शाम को परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे।

कन्या राशिःआज का दिन आपके लिए बदलाव से भरा रहेगा। प्रॉपर्टी से सम्बंधित अगर समस्या चल रही है तो आज उसे सुलझाने का अच्छा समय है। आज आपकी मेहनत के अच्छे नतीजे मिलेंगे। स्टूडेंट्स के करियर में आ रही समस्याओं का समाधान मिल सकता है। कार्यस्थल पर अपनी काबिलियत दिखाने का आज अच्छा मौका है।

तुला राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने कुछ नयी चुनौतियां आएंगी जिसे आप अपनी बुद्धिमत्ता से सुलझा लेंगे। कामकाज में आज आपको गोपनीयता बनाकर रखने की जरूरत है। रुका हुआ पैसा मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा।

वृश्चिक राशिः आज का दिन बढ़िया रहेगा। आपका सरकारी मामला जो काफी दिनों से रुका हुआ है उसमें आपको जीत मिल सकती है। आज परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा, आप बच्चों के भविष्य के बारे में बातचीत करेंगे। आज दोपहर बाद आपकी यात्रा के योग है इससे आपके बिजनेस में ज्यादा धनलाभ होगा। दांपत्य जीवन में खुशियां बनी रहेगी, घर के बड़े-बुजुर्गों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

धनु राशिः आज का दिन उत्तम रहेगा। आज जरूरी कामों से थोड़ा समय निकालकर अपने पसंदीदा कामों में बिताएंगे, आपकी प्रतिभा में निखार आएगा। आज भौतिक सुख-सुविधाओं से रिलेटेड चीजों की खरीददारी करेंगे, आपको खुशी मिलेगी। इस राशि के जो लोग किसी जॉब की तलाश में हैं आज उनकी तलाश पूरी हो सकती है। लवमेट आज बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज काम के मामले में आप दूसरों की बातों को इग्नोर करृ अपनी काबिलियत पर भरोसा करेंगे, आपको जल्द ही इसका अच्छा रिजल्ट मिलेगा। आज कामकाज औरपरिवार की जिम्मेदारियों में ताल-मेल बना रहेगा।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आया है। आप का बिजनेस में काम व्यवस्थित रहेगा, आपके आसपास के कारोबारियों से चल रहे कॉम्पटीशन में आपकी जीत तय है। इस राशि के जो लोग प्राइवेट जॉब कर रहे हैं वो आज काम में लापरवाही न करें, जल्द ही आपके इन्क्रीमेंट के योग बन रहे हैं। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी।

मीन राशिः आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज काम आपके मन मुताबिक पूरा होगा। घर में धार्मिक कार्यक्रम की योजना बनेगी, इससे बच्चों में भी उत्साह देखने को मिलेगा। आज विपरीत परिस्थितियों से निकलने के लिए किसी मित्र की सहायता आपके लिए वरदान साबित होगी।

# देश से नक्सलवाद अब अंतिम चरण में, राष्ट्रीय महासचिव (माले) बसव राजू की मौत, लालडोरा खत्म

//अजय दीक्षित//

**तिरुपति से पशुपतिनाथ तक लाल डोरा बनाने वाले क्षेत्र भारत से नक्सलवाद अब अंतिम चरण में है,। 21 मई को दंतेवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों की नारायणपुर में  हुई मुठभेड़ में सुप्रीम कमांडर यानी नक्सलियों का राष्ट्रीय महासचिव बसव राजू अपने सताइस साथियों के साथ मारा गया है। बसव राजू 1980 से नक्सलवाद से जुड़ा था।बताया जाता है कि वह 50 नक्सलियों की चार लेयर वाली सुरक्षा में रहता था और इसके ऊपर डेढ़ करोड़ का इनाम था ।1967 में माओवाद के नाम पर आरंभ हुआ नक्सलवाद 80,90,2000,2010 के दशक में छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश, ओड़िशा के एक बड़े हिस्से में आतंक का पर्याय रहा है।**

जिसमें छत्तीसगढ़ के घने जंगलों में इनका राज रहा था। पुलिस अधिकारियों की यहां पद स्थापना होते ही रूह कांप जाती थी इतना ही नहीं पुलिस इन नक्सलियों के डर से अपनी बर्दी भी नहीं पहनते थे।लगभग आदी शताब्दी चले इस आंदोलन ने हजारों पुलिस अधिकारी शहीद कर दिए। कई आईपीएस अधिकारियों ने भी अपनी जान दी । छी रम घाटी में छत्तीसगढ़ की पूरी कांग्रेस पार्टी जिसमें महेंद्र कर्मा, नंदकुमार साय, विद्याचरण शुक्ल सहित 40 नेता एक ही हमले में मारे गए।

1967 में चारु मजूमदार, कीनू कन्याल,द्वारा चीन के माओवाद से प्रभावित हो कर भारत सरकार के खिलाफ सशस्त्र हिंसक आंदोलन खड़ा किया और उसकी जन्मभूमि थी नक्सलबाड़ी जो पश्चिमी बंगाल में है। आरंभ में यह लोग जमीन,जंगल, जंगली जातियों,ट्राइब्स,के अधिकारों की मांग कर ते थे। चारु मजूमदार और कन्याल ने अपनी जड़े पहले,पूर्व के बस्तर क्षेत्र में जमाई।फिर शनै शनै नक्सलियों ने पूरा एक क्षेत्र बना लिया जिसमें इन की ही सत्ता चलती है । मप्र के बालाघाट जिले, छत्तीसगढ़ के दांतेवाड़ा, जगदलपुर, चांपा, तेलंगाना का नलगोंडा,सूर्यपेठ, खम्मम, ओडिशा का कालाहांडी, झारखंड के कुछ हिस्सा को मिलाकर एक लालडोरा क्षेत्र बना लिया जिसमें लाखों आदिवासी लोगों को अपने हिंसक आंदोलन से जोड़ा, इतना ही नहीं इन नक्सलियों ने बड़ी मात्रा में हथियार,लैंड माइन्स,गोला बारूद भी चीन से हासिल किया।पूरे क्षेत्र में बन ठेकेदारों,सड़क निर्माण में कार्य कर रहे मालिक से प्रति वर्ष करोड़ों रुपए बसूल कर लिया। नक्सलियों ने पूरे लाल्दोरा को अपने दोहन साधन बना लिया था।ये लोग खनिज विभाग के ठेकेदारों से महीने की एक मुश्त रकम ऐंठते थे । शासकीय सेवा में लगे लोग भी तीस प्रतिशत राशि देते थे। अगर आनाकानी की तो मौत हो उनकी सजा थी। कौन ठेठेदार टेंडर जारी करेगा यह सब जगदलपुर, रायपुर,में बैठा प्रधान तय करता था । नक्सलियों का एक उद्देश्य था कि पूरे तंत्र को इतना डरा कर रखो कि शासन की नीतियों को क्रियान्वयन नहीं हो सके ।एक बार जन चौपाल लगा रहे एक कलेक्टर को अपहृत कर लिया। और उनको रिहा कर ने लिए शासन ने बकायदा फिरौती दी। कुछ गैर सरकारी संगठन भी इनकी आड़ में करोड़ों रुपए की सरकारी कार्यक्रम को दिल्ली में बैठे बैठे ही चला ती थी।नब्बे के दशक नक्सलियों का इतना जलजला हो गया कि ये लोग चुनावों को भी प्रभावित कर देते थे। राष्ट्रीय दल भी इनके सामने नतमस्तक थे। दिल्ली में भी इनकी एक लाभी थी जो इनको राजनीतिक संरक्षण देने का काम किया करती थीं। सीपीएम,सीपीआई

सीपीई माले फॉरवर्ड ब्लॉक, आरपीआई, का खुला संरक्षण था।इन नक्सलियों ने जंगलों में बड़े बड़े केंप बना लिए थे और अपनी अय्याशी के लिए भोले भाले आदिवासी महिलाओं को बड़े पैमाने पर रख रखा था नक्सलियों छद्म नाम पर पासपोर्ट बनवा लिया था और विदेश यात्रा करते थे। आदिवासियों को बकायदा वेतन दिया जाता था। नक्सली काफी पड़े लिखे थे और कई भाषाओं इंग्लिश, कन्नड़,तेलगु,हिंदी,बोलते थे।केंद्र सरकार ने नक्सलवाद को लगाम लगाने के लिए बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएफएफ, आईटीबीपी,की सैकड़ों बटालियन भी लगाई लेकिन नतीजा नहीं निकला ।2014 भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने नक्सलवाद को लेकर दीर्घ कालीन नीति बनाई और उसमें गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलवाद को समाप्त करने पर जोर दिया। 2024 में 380 नक्सलियों का सफाया हुआ। अब जाकर नक्सलियों की चूल हिली है।21 मई को हुए एनकाउंटर में बसव राजू नमक एक करोड़ इनामी नक्सली मारा गया है। बसव राजू के बारे में बताया जाता है कि वह अभी फिलिपीन से लौटा था।अभी हिड़मा,देवा,सहदेव, नामक नक्सली,सुकमा घाटी में घिर गए हैं। केंद्र सरकार ने दावा किया है कि 2026 तक नक्सलवाद भारत से समाप्त हो जाएगा।

# तंबाकूः मीठा ज़हर और धीमी मौत

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विशेष**

**//डॉ. केशव पाण्डेय //**

**हर साल 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक प्रयास है जो हमें चेताता है, झकझोरता है और प्रेरित करता है कि तंबाकू जैसी घातक लत से समाज को बचाया जाए। यह अवसर हमें आत्मचिंतन करने के साथ-साथ जनजागरूकता फैलाने का भी मौका देता है कि कैसे एक छोटी-सी आदत पूरे जीवन को निगल सकती है। आइये, जानते हैं, इस दिवस का महत्व, इसके पीछे की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और तंबाकू के दुष्परिणाम और इस वर्ष की खास थीम।**

तंबाकू का सेवन चाहे सिगरेट, बीड़ी, गुटखा, पान मसाला या किसी अन्य रूप में किया जाए, यह शरीर के लिए धीमा ज़हर है। इसके सेवन से सबसे अधिक प्रभावित होता है हमारा श्वसन तंत्र और हृदय। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल दुनियाभर में 80 लाख से ज्यादा लोगों की मौत तंबाकू जनित बीमारियों के कारण होती है। इन मौतों में से लगभग 12 लाख लोग वे होते हैं जो स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करते, बल्कि परोक्ष रूप से यानी पैसिव स्मोकिंग से प्रभावित होते हैं।

तंबाकू के सेवन से लाखां लोग अनेक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं, इनमें फेफड़ों का कैंसर, मुँह का कैंसर, दिल का दौरा, स्ट्रोक, दमा, ब्रोंकाइटिस, उच्च रक्तचाप हार्ट फेल्योर, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिज़ीज, अस्थमा, दाँत गिरना, मसूड़ों में संक्रमण, सफेद धब्बे जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। इनके अलावा गर्भवती महिलाओं में भ्रूण की वृद्धि में बाधा, समय से पहले प्रसव, नवजात की मृत्यु जैसी जानलेवा बीमारियां शामिल हैं।भारत में भी तंबाकू एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है। देश में हर साल लगभग 13 लाख लोग तंबाकू के कारण असमय काल के गाल में समा जाते हैं। यह कुल मृत्यु दर का लगभग 9.5 प्रतिशत है। इनमें से लगभग 10-12 लाख मौतें धूम्रपान से होती हैं, और शेष गुटखा, पान मसाला, हुक्का जैसे चबाने वाले तंबाकू उत्पादों से। जबकि मध्य प्रदेश में हर साल लगभग 90 हजार से एक 1 लाख लोगों की मौत तंबाकू सेवन के कारण होती है। राज्य में पुरुषों के बीच तंबाकू सेवन की दर 40 प्रतिशत से अधिक है, जबकि महिलाएं की लगभग 10से12 प्रतिशत। ग्रामीण क्षेत्रों में यह समस्या ज्यादा गंभीर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, अगर तंबाकू पर सख्ती से नियंत्रण न लगाया गया, तो आने वाले दशकों में तंबाकू से हर साल 1 करोड़ मौतें हो सकती हैं, जिनमें से 70 प्रतिशत विकासशील देशों में होंगी, उनमें भारत सबसे प्रमुख है।  इस दिवस के इतिहास की बात करें तो विश्व तंबाकू निषेध दिवस की शुरुआत 1987 में हुई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे पहली बार 7 अप्रैल 1988 को मनाने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख बदलकर 31 मई कर दी गई। इसका उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना और सरकारों को तंबाकू नियंत्रण नीतियाँ लागू करने के लिए प्रेरित करना था। यह दिवस तंबाकू नियंत्रण नीतियों और कानूनों के समर्थन को एक वैश्विक मंच प्रदान करता है। जिससे तंबाकू के सेवन को लेकर समाज में सकारात्मक बदलाव हो और लोग इससे दूर हटने का प्रयास करें।प्रति वर्ष यह दिवस एक खास थीम पर मनाया जाता है। जो विशेष रूप से किसी एक पहलू पर केंद्रित होती है- जैसे कि युवाओं को तंबाकू से बचाना, पर्यावरण पर तंबाकू का प्रभाव, या तंबाकू उद्योग की रणनीतियों को उजागर करना। साल 2025 की तंबाकू निषेध दिवस की थीम- न्दउेंपदह जीम ।चचमंसरू म्गचवेपदह प्दकनेजतल ज्बजपबे वद ज्वइंबबव दक छपबवजपदम च्तवकनबजेष् यानी आकर्षक का पर्दाफाश : तंबाकू और निकोटिन उत्पाद पर इसके उद्योग की चाल को बेनकाब करना और उसकी नीतियों को उजागर करना है।  तंबाकू उद्योग जानबूझकर अपनी नीतियों और विज्ञापनों के माध्यम से किशोरों और युवाओं को निशाना बनाता है। चमकीले पैकेट, आकर्षक विज्ञापन और फिल्मों में ग्लैमराइज्ड तंबाकू सेवन दृश्य, ये सब युवा मन को भ्रमित करते हैं। एक बार यह लत लग गई, तो इससे निकलना कठिन हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि ये रणनीतियाँ तंबाकू के सेवन को आकर्षक बनाती हैं, जिससे युवाओं में इसकी शुरुआत होती है और उसे छोड़ना मुश्किल हो जाता है। कंपनियां के इस भ्रमजाल से युवाओं बचाना है।यह थीम और दिन हमें यह सोचने का मौका देता है कि हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसी दुनिया बनाना चाहते हैं। क्योंकि तंबाकू के भी सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणाम होते हैं। तंबाकू न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से भी विनाशकारी है। गरीब और निम्न आय वर्ग के लोग तंबाकू सेवन के सबसे बड़े शिकार होते हैं, क्योंकि वे अक्सर जागरूकता और स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित होते हैं। जब ये लोग बीमार पड़ते हैं, तो उनकी कमाई रुक जाती है और इलाज पर भारी खर्च आता है। इससे परिवार गरीबी के दुष्चक्र में फँस जाता है। सरकार को भी तंबाकू जनित बीमारियों के इलाज पर हर साल करोड़ों रुपए खर्च करने पड़ते हैं, जो कि यदि तंबाकू नियंत्रण प्रभावी हो तो शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सुधार में लगाए जा सकते हैं। यह आर्थिक बोझ केवल व्यक्तिगत नहीं, राष्ट्रीय स्तर पर भी विनाशकारी होता है। इसीलिए आज इस दिवस की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है युवाओं को जागरूक करना, उन्हें सशक्त बनाना और उन्हें विकल्प देना। हालांकि भारत सरकार ने तंबाकू नियंत्रण के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके लिए केवल सरकार नहीं, समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। शिक्षक, डॉक्टर, धर्मगुरु, माता-पिता, और मीडिया सभी को इस जन आंदोलन का हिस्सा बनना होगा।हर व्यक्ति जो तंबाकू छोड़ना चाहता है, वह एक नायक है। यह आसान नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। आज निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी, काउंसलिंग, हेल्पलाइन नंबर और डिजिटल ऐप्स के ज़रिए लोग इस लत से बाहर निकल रहे हैं। सबसे महत्वपूर्ण है- इच्छाशक्ति और परिवार का समर्थन।यदि हम एक व्यक्ति को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करते हैं, तो हम न केवल उसका जीवन बचाते हैं, बल्कि उसके परिवार, समाज और देश को भी एक स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ाते हैं। विश्व तंबाकू निषेध दिवस हमें एक अवसर देता है, यह सोचने का कि हम कैसी दुनिया छोड़ना चाहते हैं आने वाली पीढ़ियों के लिए। क्या हम उन्हें एक ऐसी दुनिया देंगे जहाँ साँस लेना कठिन हो, या एक ऐसी दुनिया जिसमें हर व्यक्ति स्वच्छ हवा में जी सके। आज जरूरत है केवल नारों की नहीं, व्यवहारिक बदलावों की। यदि हम अपने घर, अपने मोहल्ले, अपने कार्यस्थल से इसकी शुरुआत करें, तो यह आंदोलन एक जनक्रांति बन सकता है। क्योंकि तंबाकू केवल एक आदत नहीं, एक सामाजिक बुराई है, इससे लड़ाई हमें मिलकर लड़नी है। आज यह संकल्प लें दृ तंबाकू नहीं, स्वास्थ्य चुनें। स्वस्थ रहें, जागरूक रहें, और दूसरों को भी तंबाकू मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करें।

## नारी शक्ति की प्रतीक : रानी अहिल्याबाई होलकर और छत्तीसगढ़ सरकार की प्रतिबद्धता

भारत के इतिहास में कुछ महिलाएं ऐसी रही हैं जिनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए आदर्श बन गया। उन्हीं में से एक हैं राजमाता अहिल्याबाई होलकर, जिनकी 300वीं जयंती पर हम श्रद्धा और गर्व के साथ उन्हें स्मरण कर रहे हैं।इस ऐतिहासिक अवसर पर मैं उन्हें सादर नमन करती हूं और उनके आदर्शों को आज के सामाजिक परिप्रेक्ष्य में दोहराते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की नारी सशक्तिकरण योजनाओं की चर्चा करना चाहती हूं।रानी अहिल्याबाई होलकर का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। एक युवा विधवा के रूप में उन्होंने न केवल स्वयं को संभाला, बल्कि संपूर्ण मालवा राज्य को कुशलता से चलाया। वे प्रशासन, धर्म, सामाजिक समरसता और दान की मिसाल थीं।उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर, अयोध्या, बद्रीनाथ, द्वारका जैसे स्थानों पर पुनर्निर्माण कार्य कर भारतीय संस्कृति और आस्था की रक्षा की। उनके कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि यदि नारी को अवसर और अधिकार मिले, तो वे समाज और राष्ट्र दोनों को दिशा दे सकती हैं। छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में, अहिल्याबाई होलकर के पदचिन्हों पर चलते हुए नारी सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। महतारी वंदन योजना - छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत पात्र विवाहित, विधवा, तलाकशुदा और परित्यक्ता महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिल रही है। अबतक लगभग 70 लाख महिलाओं को 15 किश्तो में 9788.78 करोड़ रूपए सहायता राशि प्रदान की जा चुकी है। महिला स्वावलंबन योजनाए - राज्य सरकार ने महिला स्व-सहायता समूहों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से स्वरोजगार योजनाएं प्रारंभ की और कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम की ठोस पहल की है। इन पहलों से लाखों महिलाएं अब आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हो रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के लिए महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेंटर, फास्ट ट्रैक कोर्ट, विधिक सहायता जैसे उपाय सुनिश्चित किए गए हैं ताकि हर महिला को न्याय मिले और वह भयमुक्त जीवन जी सके। रानी अहिल्याबाई होलकर जी ने जिस समाज की कल्पना की थी। उसे साकार करने के लिए हमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान के चार स्तंभों पर कार्य करना होगा। छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है, ताकि हर बालिका अपने सपने को साकार कर सके और हर महिला समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा सके।अहिल्याबाई होलकर जी की जयंती केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि संकल्प का अवसर है। संकल्प इस बात का कि हम उनके दिखाए मार्ग पर चलकर एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण करेंगे।

## तस्वीरों की दुनिया


राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।


भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2025 प्रदान करती हुई।



विदेश सचिव विक्रम मिस्री और उप एनएसए पवन कपूर वाशिंगटन डीसी में यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम द्वारा आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में व्यापार जगत के नेताओं के साथ चर्चा के दौरान।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात की।


कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने इंदिरा भवन, नई दिल्ली में कांग्रेस असम के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ बैठक से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का स्वागत किया।


कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने इंदिरा भवन, नई दिल्ली में कांग्रेस असम के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ बैठक से पहले लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का स्वागत किया।

# जस्टिस वर्मा और उनके परिवार के सक्रिय नियंत्रण में था स्टोर रूम, जांच समिति ने सबूत के साथ लगाए आरोप



**इस्लामाबाद, 31 मई [एजेंसी]।**

इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा को नकदी बरामदगी मामले में दोषी ठहराने वाली सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त समिति ने कहा है कि जिस स्टोर रूम में जली हुई नकदी मिली थी, वह जज और उनके परिवार के सक्रिय नियंत्रण में था। सूत्रों ने बताया कि समिति को कुछ ऐसे साक्ष्य मिले हैं जो संकेत करते हैं कि आग की घटना सामने आने के बाद स्टोर रूम से जली हुई नकदी को हटा दिया गया था।

गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा था और जस्टिस वर्मा के जवाब के साथ समिति की रिपोर्ट भी साझा की थी। सूत्रों का कहना है कि समिति ने इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के साथ ही विभिन्न साक्ष्यों पर विचार किया और अपनी रिपोर्ट में राय व्यक्त की है कि जस्टिस वर्मा को हटाने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए आरोप काफी गंभीर हैं।समिति ने साक्ष्यों का विश्लेषण किया और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा व दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख समेत 50 से अधिक लोगों के बयान दर्ज किए। वे 14 मार्च को रात 11.35 बजे लुटियन दिल्ली स्थित जस्टिस वर्मा के आवास पर आग लगने के बाद सबसे पहले पहुंचने वालों में शामिल थे। तब जस्टिस वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश थे। जस्टिस वर्मा ने अपने ऊपर आरोपों से इनकार किया है।

## मणिपुर संकट का दीर्घकालिक समाधान जरूरी, बैठक में विधायकों ने रखे अपने मुद्दे

**इंफाल 31।** भाजपा के मणिपुर के विधायकों ने कल रात पूर्व मंत्री बिस्वजीत के घर पर बैठक की। विधायकों ने कहा कि राज्य में संकट का दीर्घकालिक समाधान जरूरी है। यह समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति, समावेशी संवाद, संवैधानिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के निष्पक्ष समर्थन के स्तंभों पर आधारित होना चाहिए।23 विधायकों द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है, हम मणिपुर के लोगों द्वारा पिछले दो वर्षों में सहन किए गए दुख को महसूस करते हैं। निर्वाचित प्रतिनिधियों के रूप में हमारा दृढ़ विश्वास है कि संकट का दीर्घकालिक समाधान संभव भी है और आवश्यक भी।

## जापान को पछाड़ विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था बन जाएगा भारत, चालू वित्त वर्ष में ही हो जाएगा सपना पूरा

**नईदिल्ली, 31 मई [एजेंसी]।**

गत वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल-मार्च) में भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते-बनते रहा गया। भारत का यह सपना चालू वित्त वर्ष 2025-26 में ही पूरा हो पाएगा। देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी.अनंत नागेश्वरन ने भी अपनी प्रेस वार्ता में कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान लगाया है।गत वित्त वर्ष की समाप्ति पर देश की अर्थव्यवस्था आकार चालू मूल्य पर 330.68 लाख करोड़ का रहा जो डॉलर टर्म में 3.9 से थोड़ा कम होता है। चौथी सबसे बड़ी जापान की अर्थव्यवस्था का आकार चालू मूल्य पर 4.19 ट्रिलियन डॉलर का है जो 358 लाख करोड़ का होता है।गत वित्त वर्ष में चालू मूल्य पर जीडीपी विकास दर 9.8 प्रतिशत रही और चालू वित्त वर्ष में भी यह 10 प्रतिशत रहने का अनुमान है। ऐसे में चालू वित्त वर्ष की समाप्ति पर जीडीपी का आकार 363 लाख करोड़ का हो जाएगा। जापान की अर्थव्यवस्था की विकास दर वर्ष 2024 में 0.1 प्रतिशत रही और चालू वर्ष में कमोबेश यही दर रहने का अनुमान है। ऐसे में भारत की अर्थव्यवस्था जापान को पार कर जाएगी। जारी आंकड़ों के मुताबिक गत वित्त वर्ष 2024-25 में निजी खर्च की बढ़ोतरी दर में इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2023-24 में निजी उपभोग खर्च की बढ़ोतरी दर 5.6 प्रतिशत थी जो गत वित्त वर्ष 2024-25 में 7.2 प्रतिशत रही।गत वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही जनवरी-मार्च में मैन्यूफैक्चरिंग की विकास दर 4.8 प्रतिशत रही जबकि इससे पूर्व की तीसरी तिमाही अक्टूबर-दिसंबर) में यह विकास दर 3.6 प्रतिशत तो दूसरी तिमाही में यह दर सिर्फ 2.2 प्रतिशत थी। यानी कि मैन्यूफैक्चरिंग भी अब रफ्तार पकड़ रही है। नागेश्वरन ने कहा कि वर्ष 2024 में दुनिया के लगभग सभी देशों के लिए मैन्यूफैक्चरिंग में बढ़ोतरी चुनौती रही। इस साल अप्रैल में वस्तु व सेवा दोनों ही निर्यात में क्रमशः नौ प्रतिशत व 15 प्रतिशत का इजाफा रहा। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में निर्माण सेक्टर में 10.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी रही जबकि इससे पूर्व की तिमाही में यह बढ़ोतरी दर 7.9 प्रतिशत थी।हालांकि मुख्य आर्थिक सलाहकार ने यह भी कहा कि भू-राजनीति स्थिति को देखते हुए वैश्विक जोखिम कायम है और वैश्विक वित्तीय बाजार पर भी नजर रखनी होगी। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ाने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था घरेलू मांग पर आधारित है, इसलिए निजी निवेश निश्चित रूप से बढ़ेगा।

## अमेरिका में इस्तेमाल हो रहे मेड इन इंडिया iPhone भारत ने चीन को भी पछाड़ा, एपल को तगड़ा मुनाफा

**नई दिल्ली 31।** भारत ने आईफोन शिपमेंट के मामले में चीन को काफी पीछे छोड़ दिया है। एक हालिया रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है। इतना ही नहीं, चीन से अमेरिका को हो रहे आईफोन शिपमेंट में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। मार्केट रिसर्च फर्म ओमडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका को निर्यात होने वाले आईफोन में भारत सबसे बड़ा हिस्सेदार बनकर उभरा है। अप्रैल में भारत में बने करीब 3 मिलियन आईफोन अमेरिका भेजे गए हैं। जबकि इस दौरान चीन से केवल 9 लाख यूनिट भेजी हुई। रिपोर्ट बताती है कि भारत के मुकाबले चीन के शिपमेंट में 76 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। दरअसल एपल लंबे वक्त से चीन की जगह भारत में आईफोन निर्माण की योजना बना रहा था। भारत में बनने वाले आईफोन को फॉक्सकॉन की तमिलनाडु स्थित फैक्ट्री में असेंबल किया जाता है। फॉक्सकॉन के अलावा टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में आईफोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। दोनों कंपनियों का जोर आईफोन का उत्पादन बढ़ाने पर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एपल हर साल करीब 220 मिलियन से ज्यादा आईफोन बेच देता है। सबसे ज्यादा आईफोन अमेरिका, चीन और यूरोप में बिकते हैं।

## सऊदी अरब की ईरान को सलाह... अमेरिका से परमाणु समझौता करो, ट्रंप ने एक बार फिर दी धमकी



**दुबई।** सऊदी अरब के रक्षा मंत्री प्रिंस खालिद बिन सलमान ने पिछले महीने तेहरान में ईरानी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के परमाणु समझौते पर बातचीत के प्रस्ताव को गंभीरता से लें। इससे इजरायल के साथ युद्ध से बचने का रास्ता निकल सकता है। क्षेत्र में अस्थिरता की आशंका से चिंतित सऊदी अरब के शाह सलमान बिन अब्दुल अजीज ने अपने बेटे प्रिंस खालिद बिन सलमान को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई के लिए एक संदेश के साथ भेजा। सूत्रों ने बताया कि 17 अप्रैल को तेहरान में राष्ट्रपति भवन के बंद कमरे में हुई बैठक में ईरानी राष्ट्र पति मसूद पेजेश्कियान, सशस्त्र बलों के चीफ आफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी और विदेश मंत्री अब्बास अराघची भी मौजूद थे। हालांकि, मीडिया ने प्रिंस की यात्रा को कवर किया, लेकिन शाह सलमान के गुप्त संदेश के बारे में पहले कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई थी। प्रिंस खालिद ने ईरानी अधिकारियों को चेतावनी दी कि अमेरिकी राष्ट्रपति के पास लंबी बातचीत के लिए बहुत कम धैर्य है।

# जनहित में होना चाहिए औद्योगिक जमीन का आवंटन सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में फैसला बरकरार रखा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि औद्योगिक जमीन के आवंटन का प्रबंधन पूरी तत्परता, निष्पक्षता और जनहित के अनुरूप होना चाहिए।कोर्ट ने इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में कमला नेहरू मेमोरियल ट्रस्ट (केएनएमटी) को दी गई 125 एकड़ भूमि को रद करने के उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीएसआईडीसी) के फैसले को बरकरार रखा।जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर की पीठ ने 1975 में स्थापित धर्मार्थ संस्था केएनएमटी की अपील को खारिज कर दिया। इस ट्रस्ट ने 2017 के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ अपील की थी। हाई कोर्ट ने सुलतानपुर जिले के जगदीशपुर के उतेलवा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित भूमि के आवंटन को रद कर दिया था। उच्चतम न्यायालय ने यूपीएसआईडीसी द्वारा 2003 में फूलों की खेती के उद्देश्य से ट्रस्ट को भूमि का बड़ा हिस्सा आवंटित करने की जल्दीबाजी और मुकदमा शुरू होने के बाद जगदीशपुर पेपर मिल्स लिमिटेड को वैकल्पिक आवंटन पर विचार करने में निगम द्वारा दिखाई गई तत्परता की भी आलोचना की। पीठ ने कहा, पक्षों की ओर से उठाए गए विवादों की विस्तृत जांच, तथ्यात्मक और कानूनी मैट्रिक्स का समग्र विश्लेषण और परिणामी निष्कर्षों के मद्देनजर हम यूपीएसआईडीसी द्वारा आवंटन रद किए जाने को बरकरार रखते हैं। इसके साथ ही यह भी कहा कि यूपीएसआइडीसी द्वारा जगदीशपुर पेपर मिल्स लिमिटेड के पक्ष में किया गया वास्तविक आवंटन या किसी भी प्रस्ताव को गैरकानूनी और सार्वजनिक नीति के विपरीत घोषित किया जाता है। परिणामस्वरूप इसे रद किया जाता है।पीठ ने कहा कि अगर किसी संभावित आवंटी से कोई बयाना राशि या भुगतान मिला है तो उसे राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा ब्याज के साथ वापस करने का निर्देश दिया जाता है।पीठ ने कहा, यह आवश्यक है कि भविष्य के आवंटनों में पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों का पालन किया जाए ताकि विवादों को रोका जा सके और यह सुनिश्चित किया जा सके कि सार्वजनिक संसाधन वास्तव में औद्योगिक विकास और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दें।

# शहरी मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने को आयोग ने बढ़ाए कदम, लिया यह बड़ा फैसला




**नईदिल्ली, 31 मई [एजेंसी]।**

मतदान को लेकर शहरी मतदाताओं की अब किसी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। चुनाव आयोग ने उन्हें मतदान केंद्र तक सुविधाजनक तरीके से लाने के लिए कई अहम कदम उठाए है। इनमें जो सबसे अहम फैसला है, उसमें सभी हाईराइज सोसाइटियों में अब मतदान केंद्र स्थापित होंगे। इतना ही नहीं, यदि इनमें 1200 से अधिक मतदाता होंगे, तो उनके लिए एक से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यानी उन्हें मतदान के लिए सोसाइटी से बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी, उन्हें सोसाइटी में ही सुविधा मिलेगी। ध्यान रहे कि बड़े शहरों में यह पाया गया है कि प्रदेश में पड़ने वाले वोट के मुकाबले उस शहर में औसतन 20-30 फीसद तक कम वोट पड़ता है। चुनाव आयोग ने इसके लिए सभी राज्यों के राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए है।साथ ही कहा है कि वे अभी से इसकी तैयारी शुरू कर दें। आयोग से मुताबिक अभी तक कुछ ही हाईराइज सोसाइटियों में मतदान की सुविधा थी। आयोग ने इसके साथ ही शहरी मतदाताओं की सहूलियत को देखते हुए प्रत्येक मतदान केंद्र पर अब मोबाइल जमा काउंटर भी खोलने की सुविधा जुटाने का फैसला लिया है।जहां मतदाता अब आसानी में मोबाइल जमा कर मतदान में हिस्सा ले सकेंगे। आयोग ने यह फैसला शहरी मतदाताओं के बीच मतदान न करने के पीछे के कारणों को लेकर कराए गए अध्ययन के बाद लिया है, जिसमें मतदान के लिए लंबा इंतजार और मतदान केंद्रों पर मोबाइल जमा न करने की सुविधा का न होना सामने आया है

। आयोग से जुड़े नियमों के तहत मतदान केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन लेकर जाना प्रतिबंधित है। मतदान केंद्रों पर मतदाता सूचियों में मतदाताओं के नाम खोलने में होने वाली दिक्कत व उसके चलते लगने वाली भीड़ से निपटने के लिए आयोग ने एक और अहम कदम उठाया है। जिसमें उन्हें दी जाने वाली मतदाता पर्चियों में उनके मतदाता सूची के क्रम संख्या व भाग क्रम को प्रमुखता से मतदाता पर्ची के ऊपर ही प्रदर्शित किया जाएगा।ताकि मतदान के दौरान उनके नाम को मतदाता सूची में आसानी से खोजा जा सके। अब तक पर्चियों में यह ब्यौरा दिया तो जाता था लेकिन वह पर्ची में कहीं एक कोने में दर्ज रहता था। आयोग से जुड़े सूत्रों की मानें मतदाताओं को बूथ तक लाने के और क्या किया जा सकता है, उस पर भी आयोग मैदानी अमले से राय-मशविरा कर रहा है।

# विक्रमशिला-कटरिया रेल पुल परियोजना को मिली हरी झंडी, पीएम मोदी करेंगे शिलान्यास



**भागलपुर, 31 मई [एजेंसी]।**

भागलपुर के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए विक्रमशिला से कटरिया तक गंगा नदी पर डबल लाइन रेल पुल के निर्माण की तैयारी तेज हो गई है। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का टेंडर फाइनल कर दिया गया है और जल्द ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका शिलान्यास करेंगे। रेल मंत्रालय की ओर से इस परियोजना की जिम्मेदारी इंडियन रेलवे कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (इरकॉन) को सौंपी गई है। बटेश्वर स्थान के पास बनने वाला यह रेल पुल लगभग 4 किलोमीटर लंबा और 13 मीटर चौड़ा होगा। परियोजना की लागत 1,153 करोड़ रुपये है और इसे तीन साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।पूरे प्रोजेक्ट की कुल लागत 2,178.38 करोड़ रुपये है। इस पुल के बन जाने से ट्रेनें विक्रमशिला से कटरिया होते हुए नवगछिया तक सीधा पहुंच सकेंगी, जिससे लगभग तीन घंटे की समय बचत होगी। गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स पर इस परियोजना की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह पुल देवघर-गोड्डा होते हुए उनके गांव विक्रमशिला और भवानीपुर को जोड़ेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार भी प्रकट किया। वर्तमान में भागलपुर में गंगा नदी पर विक्रमशिला सेतु, उसके समांतर निर्माणाधीन पुल, सुल्तानगंज-अगुवानी पुल और विजय घाट पुल जैसे बड़े पुल मौजूद हैं। अब यह नया रेल पुल भागलपुर का पहला और बिहार का पांचवां रेल पुल होगा। 26.23 किलोमीटर लंबी इस नई डबल रेल लाइन के लिए दो सौ हेक्टेयर से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पुल की ज्यादातर जमीन गंगा नदी क्षेत्र में होने के कारण भूमि अधिग्रहण में अधिक कठिनाई नहीं होगी। यह परियोजना वर्ष 2016-17 के बजट में शामिल की गई थी, लेकिन अब जाकर इसे मूर्त रूप दिया जा रहा है।

पुल का निर्माण वाई आकार में होगा, जिससे उत्तर में कटरिया और नवगछिया तथा दक्षिण में विक्रमशिला और शिवनारायणपुर स्टेशन से रेल संपर्क संभव होगा।इस परियोजना से न केवल उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी, बल्कि कोसी, सीमांचल, अंग और झारखंड के इलाकों से भी भागलपुर का सीधा रेल संपर्क स्थापित हो सकेगा। यह पुल पूर्वोत्तर राज्यों के लिए भी एक वैकल्पिक रेल कॉरिडोर साबित होगा।परियोजना के पूरा होने के बाद भागलपुर से नई ट्रेनों का संचालन संभव होगा, जिससे यात्रियों को बेहतर सुविधा और तेज गंतव्य प्राप्त होगा। यह पुल पूरे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास का नया द्वार खोलेगा।

## आयुर्वेद के नाम पर कंपनियां अब नहीं बना पाएंगी बेवकूफ भ्रामक विज्ञापनों से निपटने के लिए पोर्टल लॉन्च

**नई दिल्ली 31 मई।** आयुर्वेदिक दवाओं के भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए आयुष मंत्रालय ने नया पोर्टल लॉन्च किया है।इस पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ शिकायत कर सकेगा और उस पर होने वाली कार्रवाई को मॉनिटर भी कर सकेगा। पोर्टल के साथ सभी नियामक एजेंसियों को भी जोड़ा गया है, ताकि सभी एजेंसियां समन्वित तरीके से कार्रवाई कर सकें। आयुष सुरक्षा पोर्टल को लॉन्च करते हुए आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने कहा कि इससे आयुष क्षेत्र में जवाबदेही के साथ-साथ पारदर्शिता भी बढ़ेगी। आयुष सचिव वैद्य राजेश कोटेचा के अनुसार पोर्टल में फार्मा के विजलेंस और नियामक एजेंसियों को एक साथ लाया जाना सबसे अहम है। इससे किसी भ्रामक विज्ञापन की जानकारी भी मिलेगी और उसके खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित होगी।पोर्टल में जनता की शिकायतों के लिए विशेष प्रबंध किया गया है, ताकि भ्रामक विज्ञापनों के बारे में अधिक-अधिक जानकारी भी मिले और कार्रवाई भी हो। उन्होंने कहा कि यह पोर्टल आयुर्वेदिक दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों से जुड़े मामलों में एक राष्ट्रीय डैश बोर्ड का काम करेगा, जिसमें सभी शिकायतों और उनके खिलाफ कार्रवाई का डाटा एक जगह उपलब्ध होगा। ध्यान देने की बात है कि जुलाई 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में आयुर्वेदिक दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों और उसके औषधीय दुष्प्रभावों पर कड़ी निगरानी के लिए एक केंद्रीकृत डैशबोर्ड की जरूरत पर बल दिया था।

# भारत से हमारे रिश्ते बिगाड़ना चाहता है Pak, रूस ने भी जमकर सुनाया, कहा- पाकिस्तान से नहीं कर रहे डील

**मॉस्को।** रूस ने शुक्रवार को उन फर्जी रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि वह पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंधों को बढ़ा रहा है। हाल ही में पाकिस्तानी मीडिया में खबर आई थी कि मास्को और इस्लामाबाद मिलकर औद्योगिक सहयोग बढ़ाने पर काम कर रहे हैं।इसके तहत पाकिस्तान में नई स्टील मिलें स्थापित की जाएंगी, ताकि 1970 के दशक जैसे सहयोग को फिर से जीवित किया जा सके, जब सोवियत संघ ने पाकिस्तान स्टील मिल्स को डिजाइन और वित्तपोषित किया था। इस पर विचार करने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के विशेष सहायक हारून अख्तर खान और मास्को के प्रतिनिधि डेनिस नजरूफ के बीच 13 मई को इस्लामाबाद में एक बैठक हुई थी। बैठक



को लेकर एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि दोनों अधिकारियों ने सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की और कराची में एक स्टील मिल की स्थापना के लिए संयुक्त कार्य समूह बनाने पर सहमति व्यक्त की।

हारून अख्तर ने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इसकी क्षमता को पहचाना है।इन रिपोर्टों के सामने आने के बाद चिंता के साथ ही संदेह भी पैदा हुआ, क्योंकि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था आईएमएफ द्वारा दिए गए राहत पैकेजों पर निर्भर है। मॉस्को में सूत्रों ने इस मुद्दे पर बातचीत होने की बात स्वीकार की, लेकिन उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें दावा किया गया था कि दोनों देशों के बीच मल्टीबिलियन डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

# आधी दुनिया ने एक महीना ज्यादा झेली गर्मी, ये साइलेंट किलर, रिपोर्ट में खुलासा

**वाशिंगटन, 31 मई [एजेंसी]।**

दुनिया में 4 अरब लोग यानी करीब आधी आबादी को कम से कम एक माह अतिरिक्त तपती गरमी के दिनों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए धरती के लोग ही जिम्मेदार हैं। हमने अंधाधुंध विकास की होड़ में जलवायु परिवर्तन नाम का राक्षस पैदा किया और अब यह इतना ताकतवर हो गया है कि पूरी मानवता को भस्म करने पर आमादा है। वर्ल्ड वेदर एट्रीब्यूशन, क्लाइमेट सेंट्रल और द रेड क्रास के विश्लेषण के अनुसार अत्यधिक गर्मी के दिनों की संख्या बढ़ने की वजह से एक बड़ी आबादी को बीमारी, मौत और फसलों के नुकसान के साथ जीना पड़ रहा है। इसके अलावा इससे ऊर्जा और स्वास्थ्य तंत्र पर दबाव भी बढ़ रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाढ़ और चक्रवात की खबरें अक्सर मीडिया में जगह बनाती हैं, लेकिन अत्यधिक गर्मी निश्चित तौर पर मौसम से जुड़ी सबसे खतरनाक घटना है। हालांकि इसे अखबारों में उचित कवरेज नहीं मिलती है। कई बार इसे हार्ट की बीमारी या किडनी फेल होने जैसी स्वास्थ्य समस्याओं के साथ गलत तरीके से जोड़ दिया जाता है। इससे अत्यधिक गर्मी से जुड़े खतरों पर लोगों का उतना ध्यान नहीं जाता है। रिपोर्ट में मई 2024 से मई 2025 के बीच के अत्यधिक गर्मी के दिनों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गर्मी के दिनों में चलने वाली लू एक तरह से साइलेंट किलर हैं। लू चलने के दौरान लोग सड़कों



या गलियों में नहीं मरते हैं। वे या तो अस्पताल में मर जाते हैं या कोई गरीब व्यक्ति अपने घर में मर जाता है। ऐसे में कई बार यह पता ही नहीं चलता है कि व्यक्ति की मौत लू से हुई है।रोज कमा कर खाने वाले समुदाय, और वंचित तबके की आबादी जैसे उम्रदराज वयस्क और बीमारी से ग्रस्त लोगों को अत्यधिक गर्मी की मार सबसे ज्यादा झेलनी पड़ती है। विज्ञानियों ने अपने अध्ययन में पाया है कि विश्व के करीब सभी देशों में अत्यधिक गर्मी के दिन उन दिनों की तुलना में कम से कम दोगुने हो गए हैं जब जलवायु परिवर्तन का असर नहीं था।

कैरेबियाई द्वीप अतिरिक्त अत्यधिक गर्मी के दिनों से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका का क्षेत्र प्यूर्टो रिको ने 161 दिनों तक अत्यधिक गर्मी झेली है। जलवायु परिवर्तन के बिना यहां अत्यधिक गर्मी के केवल 48 दिन ही हुए होते। पिछले जुलाई में मोरक्को में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के बाद कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई थी। रेड क्रास रेड क्रिसेंट क्लाइमेट सेंटर में पदाधिकारी रूप सिंह का कहना है कि लोग देख रहे हैं कि तापमान बढ़ रहा है, लेकिन सबको यह नहीं पता है कि ऐसा जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहा है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक गर्मी की बढ़ती चुनौती का सामना करने के लिए हमें बेहतर चेतावनी प्रणाली स्थापित करने के साथ इसके खतरों से निपटने के लिए जरूरी तैयारियां करनी होंगी। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में अत्यधिक गर्मी के लिए जिम्मेदार कारकों को कम करने के लिए लंबी अवधि की योजना पर काम करना होगा।

## संसद उड़ाने की धमकी मामले में पूर्व विधायक को छह माह कैद, जांच में सामने आई थी यह बात



**नईदिल्ली, 31 मई [एजेंसी]।**

राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक किशोर समरीते को संसद भवन को विस्फोट से उड़ाने की धमकी देने के मामले में छह माह कारावास की सजा सुनाई है। वह बालाघाट जिले के लांजी सीट से विधायक रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, यह धमकी सितंबर 2022 में दी गई थी, जब समरीते ने अपनी 70 मांगों को लेकर असंतोष व्यक्त किया। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने कहा कि समरीते को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 506 के तहत सजा और जुर्माना दिया गया है। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें विस्फोटक अधिनियम के तहत आरोपों से बरी कर दिया, क्योंकि जांच में पाया गया कि पार्सल में मौजूद सामग्री तकनीकी रूप से विस्फोटक नहीं थी। 16 सितंबर 2022 को संसद भवन में एक संदिग्ध पार्सल मिला था, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज, संविधान की प्रति और धमकी भरा पत्र शामिल था।

# हर मौके पर आकर्षक दिखाने में मदद कर सकती हैं ये हेयर एक्सेसरीज

हेयर एक्सेसरीज न केवल आपके बालों को सजाने का काम करती हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बना देती हैं। चाहे वह किसी पार्टी के लिए हो या किसी शादी-ब्याह के लिए, सही हेयर एक्सेसरी आपके स्टाइल को और भी निखार सकती है।

इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी हेयर एक्सेसरीज से जुड़ी टिप्स देंगे, जो हर मौके पर आपके लुक को खास बनाएंगी और आपको आकर्षक दिखाएंगी।

पार्टी के लिए चमकदार हेयरबैंड्स चुनें

पार्टी के लिए चमकदार हेयरबैंड्स एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये न केवल आपके सिर को सजाते हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बना देते हैं।

आप इनहेयरबैंड्स को किसी भी पार्टी पोशाक के साथ पहन सकती हैं और ये आपको एक आकर्षक और ग्लैमरस लुक देंगे।

इसके अलावा ये आपके बालों को भी सही तरीके से सेट रखने में मदद करते हैं, जिससे आपका लुक और भी निखरता है।

शादी-ब्याह के लिए मोतियों वाले क्लिप्स आजमाएं

शादी-ब्याह के मौके पर मोतियों वाले क्लिप्स बहुत ही सुंदर लगते हैं। ये क्लिप्स आपके सिर को सजाने के साथ-साथ आपकी पूरी पोशाक को भी खास बनाते हैं।

आप इन्हें किसी भी पारंपरिक पोशाक के साथ पहन सकती हैं और ये आपको एक शाही अंदाज देंगे।

इसके अलावा ये क्लिप्स आपके बालों को भी सही तरीके से सेट रखने में मदद करते हैं, जिससे आपका लुक और भी निखरता है।

रोजमर्रा के उपयोग के लिए साधारण हेयरपिन्स चुनें

रोजमर्रा के उपयोग के लिए साधारण हेयरपिन्स एक अच्छा विकल्प हो सकते हैं। ये न केवल आपके बालों को सेट रखने में मदद करते हैं, बल्कि आपके लुक को भी साफ-सुथरा दिखाते हैं।

आप इन्हें किसी भी प्रकार के बालों पर इस्तेमाल कर सकती हैं और ये बहुत ही आरामदायक होते हैं।

इसके अलावा इनहेयरपिन्स की मदद से आप अपने बालों को अलग-अलग स्टाइल में सेट कर सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगता है।

त्योहारों पर फूलों वाले हेयर एक्सेसरीज आजमाएं

त्योहारों के मौकों पर फूलों वाले हेयर एक्सेसरीज बहुत ही आकर्षक लगते हैं। ये न केवल आपके सिर को सजाते हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी खास बना देते हैं।

आप इन्हें किसी भी पारंपरिक पोशाक के साथ पहन सकती हैं और ये आपको एक ताजगी भरा और मनोहर लुक देंगे।

इसके अलावा ये हेयर एक्सेसरीज आपके बालों को भी सही तरीके से सेट रखने में मदद करते हैं, जिससे आपका लुक और भी निखरता है।

ऑफिस के लिए स्टाइलिश हेयरबैंड्स चुनें

ऑफिस के लिए स्टाइलिश हेयरबैंड्स एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं।

ये न केवल आपके सिर को सजाते हैं, बल्कि आपके पूरे लुक को भी पेशेवर दिखाते हैं।



आप इन्हें किसी भी ऑफिस वियर के साथ पहन सकती हैं और ये आपको एक आत्मविश्वास भरा और स्मार्ट लुक देंगे।

इसके अलावा ये हेयर एक्सेसरीज आपके बालों को भी सही तरीके से सेट रखने में मदद करती हैं, जिससे आपका लुक और भी निखरता है।

## परम सुंदरी का टीज़र रिलीज़, प्यार में डूबे सिद्धार्थ-जाह्नवी, इंटरनेट पर छाई सोनू निगम की आवाज

निर्देशक तुषार जलोटा की फिल्म परम सुंदरी का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म में नॉर्थ और साउथ की लव स्टोरी दिखाई गई है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की फिल्म की छोटी झलक में लव, एक्शन, ड्रामा सब कुछ देखने को मिला। मैडॉक फिल्म्स अनोखी लव स्टोरी लेकर आ रहा है, जिसमें नॉर्थ और साउथ का मेल दिखाया जाएगा। आज दिनेश विजन की रोमांटिक ड्रामा फिल्म परम सुंदरी का फर्स्ट लुक टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की प्रेम कहानी नजर आ रही है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की फिल्म परम सुंदरी का पहला पोस्टर पहले ही रिलीज किया जा चुका है। फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है। इस फिल्म में सिद्धार्थ नॉर्थ इंडिया के परम बने हुए हैं, वहीं जान्हवी साउथ इंडिया की सुंदरी बनी हैं। मैडॉक्स फिल्म्स ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म परम सुंदरी का टीजर रिलीज किया और कैप्शन में लिखा, जहां उत्तर की आग दक्षिण की कृपा से मिलती है।

## बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन में अब खुलेंगे बड़े राज!



टीवी शो बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन में चैना का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस दीक्षा धामी अब बिल्कुल अलग भूमिका में नजर आने वाली हैं। दरअसल, वह रसीली नाम की लड़की का किरदार निभाएंगी, जो काफी बेबाक अंदाज की लड़की है।

दीक्षा धामी ने अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, रसीली, चैना से बिल्कुल अलग है। वह मजबूत, निडर और बेबाक लड़की है। जहां चैना शांत और सौम्य है, वहीं रसीली अपने मन की बात खुलकर कहती है और हर हालात को संभाल लेती है। उसका लुक भी बहुत दिलचस्प है। मेरे लिए एक कलाकार के तौर पर यह नया बदलाव है। रसीली का किरदार निभाने के लिए एक्ट्रेस को यूपी का एक्सेंट सीखना पड़ा। एक्ट्रेस ने कहा, यूपी का एक्सेंट सीखने के लिए मैंने कई वीडियोज देखे, स्थानीय लोगों को ध्यान से सुना, और सही बोली सीखने के लिए खूब प्रैक्टिस भी की। रसीली का किरदार निभाना मेरे लिए चुनौतीपूर्ण था, क्योंकि यह मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर था। लेकिन इस मुश्किल काम को करते हुए मुझे हर पल बहुत मजा आया और मैंने इस चुनौती का पूरी तरह आनंद लिया। शो में रसीली एक खास मकसद से आई है, वह अपने प्यार जयवीर को वापस पाना चाहती है और साथ ही चमकीली और तापस्या की धोखाधड़ी का पर्दाफाश करना चाहती है। चैना जहां अपने दर्द को चुपचाप सहती रही, वहीं रसीली लड़ने के लिए तैयार रहती है। रसीली को जो सही लगता है, उसके लिए वह संघर्ष करने में हिचकिचाती नहीं है। शो में रसीली की मौजूदगी से छुपे हुए राज सामने आएंगे और रिश्तों में दरारें भी पैदा होंगी। बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन शो शेमारू उमंग पर सोमवार से शनिवार रात 9 बजे प्रसारित होता है। इससे पहले दीक्षा 2024 में दंगल टीवी पर प्रसारित हुए टीवी शो मिल के भी हम ना मिले में नजर आई थीं।

## करेले का कड़वा स्वाद बदलना चाहते हैं? इन तरीकों को अपनाएं

करेले का कड़वा स्वाद कई लोगों को पसंद नहीं आता। हालांकि, इसके कई सेहतमंद फायदे हैं, जैसे कि यह खून में शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है और पाचन के लिए भी अच्छा है।

अगर आप इस सब्जी की कड़वाहट को दूर करना चाहते हैं तो आइए आज हम आपको कुछ आसान और असरदार टिप्स देते हैं, जिनसे करेले की कड़वाहट को कम किया जा सकता है।

करेले को छिलकर करें इस्तेमाल

करेले का छिलका भी कड़वा होता है इसलिए इसे छिलकर ही इस्तेमाल करें। इससे न केवल कड़वाहट कम होगी, बल्कि इसका स्वाद भी बेहतर होगा।

करेले को छिलने से पहले धो लें ताकि उसकी सतह पर मौजूद गंदगी और कीटाणु हट जाएं।

इसके बाद करेले को लंबाई में काटें और बीज निकाल दें। अब इन टुकड़ों को पानी में कुछ मिनट भिगोकर रखें। इससे भी कड़वाहट कम होगी और करेले का स्वाद भी बेहतर होगा।

नमक का करें इस्तेमाल

नमक का इस्तेमाल करके भी करेले की कड़वाहट कम की जा सकती है।

इसके लिए सबसे पहले करेले को छिलकर और बीज निकालकर पतले-पतले टुकड़ों में काट लें, फिर इन टुकड़ों पर थोड़ा नमक छिड़ककर उन्हें 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। इससे करेले से पानी निकल आएगा, जो कड़वाहट को दूर करेगा।

इसके बाद पानी को फेंक दें और करेले के टुकड़ों को धो लें। अब इन टुकड़ों को किसी भी तरीके से पकाएं।

दही का करें प्रयोग

दही भी करेले की कड़वाहट कम करने में मदद कर सकता है।

इसके लिए सबसे पहले करेले को छिलकर और बीज निकालकर पतले-पतले टुकड़ों में काट लें, फिर इन टुकड़ों को दही में कुछ मिनट के लिए भिगो दें।

दही का खट्टा स्वाद करेले की कड़वाहट को दूर करेगा और इसका स्वाद भी बढ़ाएगा। अब दही को फेंक दें और करेले को किसी भी तरीके से पकाकर खाएं।

प्याज आएगी काम

प्याज भी करेले की कड़वाहट कम करने में सहायक हो सकता है।

इसके लिए सबसे पहले प्याज को बारीक काट लें, फिर इन टुकड़ों को थोड़े से तेल में भून लें जब तक कि वे सुनहरे भूरे रंग के न हो जाएं।

अब इन भूने हुए प्याज को करेले के टुकड़ों पर डालकर अच्छी तरह मिलाएं और कुछ मिनट के लिए छोड़ दें ताकि उनका स्वाद एक-दूसरे में मिल जाए। इससे करेले की कड़वाहट भी कम होगी।

हल्दी का करें इस्तेमाल

हल्दी भी करेले की कड़वाहट कम करने में मदद कर सकती है।

इसके लिए सबसे पहले करेले को छिलकर और बीज निकालकर पतले-पतले टुकड़ों में काट लें, फिर इन टुकड़ों पर हल्दी पाउडर छिड़ककर उन्हें अच्छी तरह मिलाएं।

अब इन टुकड़ों को कुछ मिनट के लिए छोड़ दें ताकि हल्दी का स्वाद अच्छे से मिल जाए। इसके बाद करेले को किसी भी तरीके से पकाकर खाएं।



## फिल्म मां का ट्रेलर रिलीज, बेटी को शैतान से बचाने के लिए रक्षक और भक्षक बनीं काजोल



काजोल ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्मों में काम किया है और अब पहली बार वह एक हॉरर फिल्म मां में भी काम कर रही हैं, जो पिछले कुछ समय से चर्चा में है।

फिल्म के पोस्टर सामने आने के बाद अब इसका ट्रेलर भी रिलीज हो गया है।

देवगन फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार फैंस बड़ी बेसब्री से कर रहे थे, जो अब आखिरकार खत्म हो गया है।

काजोल का पहली बार किसी फिल्म में इतना खौफनाक अवतार देखने को मिल रहा है। उनका किरदार एक ऐसी मां का है, जो अपनी बेटी को बचाने के लिए रक्षक के साथ-साथ भक्षक बन जाती है।

शैतान को हराने के लिए तैयार काजोल की फिल्म का ट्रेलर सिहरन पैदा करता है। उनका रौद्र रूप डराता है।इसमे दिखाया गया है कि कैसे एक मां अपनी बेटी को बुरी ताकतों से बचाने के लिए किसी भी हद तक चली जाती है।

फिल्म के ट्रेलर को लोगों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है।

एक यूजर ने लिखा, भाई वाकई हिलाकर रख दिया। एक लिखते हैं, जबरदस्त खौफनाक दृश्य।

एक ने लिखा, ये तो मुंज्या और स्ट्रेंजर थिंग्स से भी दो कदम आगे निकली। एक कमेंट है, ये फिल्म यकीनन हिट होने वाली है। वीएफएक्स भी बेहतरीन हैं, वहीं लोग काजोल की भी खूब तारीफ कर रहे हैं।

एक ने लिखा, काजोल ने फिर कमाल कर दिया। रोंगटे खड़े हो गए।

इय फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया ने किया है, जो छोरीऔर छोरी 2 जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं।

मांको अजय देवगन और ज्योति देशपांडे ने मिलकर बनाया है।

फिल्म में काजोल के अलावा इंद्रनील सेनगुप्ता, रोनित रॉय और जितिन गुलाटी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

उधर काजोल के साथ इस फिल्म में बाल कलाकार खीरिन शर्मा नजर आएंगी, जो इसमें उनकी बेटी बनी हैं।

मां 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

काजोल की झोली में एक्शन थ्रिलर फिल्म महारागनी: क्वीन ऑफ क्वींसहै, जिसका निर्देशन चरण तेज उप्पलपति ने किया है।इस फिल्म में काजोल के साथ प्रभु देवा भी नजर आएंगे।दोनों ने पहले साल 1997 में आई तमिल फिल्म मिनसारा कनवु में साथ काम किया था।

अब 27 साल बाद फिर नों साथ नजर आएंगे। इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, जीशु सेनगुप्ता, आदित्य सील और छाया कदम ने भी अहम भूमिका निभाई है।

## शब्द सामर्थ्य -064

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 063 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

## व्हाइट वन-शोल्डर ड्रेस में पलक तिवारी ने दिखाया कातिलाना अंदाज

**सोशल मीडिया सेंसेशन और एक्ट्रेस पलक तिवारी ने एक बार फिर अपने फैशन सेंस से फेंस को दीवाना बना दिया है. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ नई तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह व्हाइट वन-शोल्डर ड्रेस में नजर आ रही हैं.**

ब्लू बैकग्राउंड के सामने स्टाइलिश पोज़ देती पलक का यह लुक काफी एलिगेंट और ग्लैमरस लग रहा है.तस्वीरों में पलक ने सिंपल लेकिन स्टाइलिश व्हाइट ड्रेस पहनी है, जिसमें लेस डिटेलिंग और प्लीटेड हेमलाइन है. इसके साथ उन्होंने हाथों में कई ब्रैसलेट्स पहन रखे हैं जो उनके लुक को कम्प्लीट कर रहे हैं. बाल खुले और मेकअप न्यूड टोन में रखा गया है, जो उनके नेचुरल ब्यूटी को और निखार रहा है.

फैंस के कमेंट्स भी देखने लायक हैं. एक यूज़र ने लिखा- अब तक की सबसे खूबसूरत लड़की, तो किसी ने उन्हें फैशन डीवा कहा. पोस्ट पर अब तक 50 हजार से ज्यादा लाइक्स आ चुके हैं और कमेंट्स की बौछार लगी हुई है.

पलक तिवारी ने कुछ ही समय में इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बना ली है. चाहे वो म्यूज़िक वीडियो हो, रेड कार्पेट इवेंट्स हों या सोशल मीडिया पोस्ट्स, हर बार उनका लुक चर्चा में आ ही जाता है. उनका ये लेटेस्ट फोटोशूट इस बात का सबूत है कि वह सिर्फ एक्टिंग ही नहीं, बल्कि फैशन में भी ट्रेंडसेटर बन चुकी हैं.



# स्वास्थ्य मंत्री के रिश्तेदार के घर चोरी के आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे





**खड़गवां।** प्रार्थी राम कृपाल जायसवाल पिता स्व. बालकृष्ण जायसवाल उम्र 74 वर्ष निवसी ग्राम रतनपुर (बाजारपारा) थाना खडगवा के द्वारा उनके घर में 22/05/2025 के रात्रि मे उनके घर के पीछे स्थित गेट मे लगे ताले को तोड़कर, पीछे के लकडी का दरवाजा जिसमें होल ड्राप लगा था, उसके बगल में गिरमिट से छेद करके दरवाजा को खोलकर,घर के अन्दर घुसकर कोई अज्ञात चोरों के द्वारा घर के अन्दर घुसकर, आलमारी रखा एक नग सोने का मंगलसुत्र,एक जोड़ा सोने का कान का टप, एक नग सोने का अंगुठी,दो जोड़ी चांदी का पायल, तथा नगदी लगभग 12.000 रू. कुल जुमला किमती लगभग एक लाख रूपये से अधीक का चोरी कर ले जाने के संबंध में प्रार्थी द्वारा दर्ज कराये गये रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

घर में घुसकर किये गये चोरी की सूचना वरिष्ठ अधिकारीयों को देने पर पुलिस महा निरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह के द्वारा आरोपियों को तत्काल पतसाजी करने का निर्देश देने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अशोक वांडेगावकर एवं नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज के कुशल मार्गदर्शन में थाना प्रभारी खड़गवां उप. निरी. विजय सिंह के नेतृत्व मे थाना खड़गवां एवं सायबर सेल की सुयुक्त टीम गठित करने पर संयुक्त टीम के द्वारा लगातार अथक प्रयास करते हुये पतासाजी कर एक सप्ताह के भीतर संदेही संतोष बसोर उर्फ गुडडू, नरेन्द्र बसोर, अनिस कुमार बसोर, सुखसेन बसोर,चैतराम बसोर उर्फ चईता सभी निवासी लालपुर (बसोरपारा) थाना मनेन्द्रगढ जिला एम. सी.बी. (छ.ग.) को हिरासत में लेकर घटना के संबंध मे पुछताछ करने पर उक्त संदेहियों के द्वारा अन्य आरोपी दो आरोपीयों के सांथ मे उक्त घटना को करना स्वीकार करते हुये चोरी हुये सोने के जेवरात को आरोपी नरेन्द्र बसोर के द्वारा अम्बिकापुर के आनंद सोनी को बिक्री कर बिक्री रकम को आपस मे बांटना तथा घटना करने में इस्तेमाल किये गए 03 नग मोटर साईकल एवं घटना में प्रयुक्त औजार लोहे का सब्बल, तथा गिरमिट के साथ नगदी रकम को अपने-अपने घर मे छिपाकर रखना बताते हुये उक्त सम्पत्ति को अपने-अपने घर से निकालकर पेश करने पर सभी आरोपीगण को गिरफ्तार कर, सोने के जेवरात को खरीदने वाले सुनार आनंद सोनी को लोकेशन के आधार पर हिरासत में लेकर उसके कब्जे से चोरी हुये सोने के जेवरात लगभग 15 ग्राम सोना जप्त कर सभी आरोपीयों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है । इस पुरे प्रकरण में शेष बचे आरोपीयो की खोज बीन की जा रही है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी खड़गवां श्री विजय सिंह, के नेतृत्व मे सहा. उप निरी. दिनेश्वर रवि, नईम खान, प्र.आर. पुश्कल सिन्हा, जुनास एक्का (सायबर सेल) प्र.आर. जितेन्द्र मिश्रा, हरीश शर्मा, राकेश शर्मा, आर. भुपेन्द्र यादव, जितेन्द्र ठाकुर, राकेश तिवारी, मो आजाद, अखिलेश जायसवाल, महिला आरक्षक इशिता श्रीवास्तव, सैनिक विनय श्याम, विनीत सोनी, एवं प्रमोद साहू का विशेष योगदान रहा है ।

### आरोपियों से जप्त सम्पत्ति

03 नग मोटर सायकल, 02 जोडी चांदी का पायल लगभग 15 ग्राम सोना, नगदी रकम 27,000 रूपये तथा 02 नग सोने चांदी के आभुषणों को तौलने वाला ईलेक्ट्रानिक वेट मशीन एवं आरोपीगण द्वारा घटना कारित करने मे इस्तेमाल किया गया 01 नग लोहे का सब्बल तथा 01 नग लोहे का गिरमिट कुल किमती करीब 03.50 लाख रूपये की कीमत की सामग्री को अपनी अभीरक्षा में लिया गया।

**गिरफ्तार आरोपीगण** -संतोष बसोर उर्फ गुडडू पिता राजू बसोर उम्र 36 वर्ष, नरेन्द्र बसोर पिता रंजीत बसोर जाति बसोर उम्र 22 वर्ष,अनिस कुमार पिता बृजेश बसोर जाति बसोर उम्र 25 वर्ष., सुखसेन बसोर पिता स्व0 मदन बसोर जाति बसोर उम्र 35 साल , चैतराम बसोर उर्फ चईता पिता राजू बसोर उम्र 32 वर्ष .सभी निवासी ग्राम लालपुर (बसोरपारा) थाना मनेन्द्रगढ जिला एम.सी.बी. (छ.ग.) के है। सोना खरीदने वाला -आनंद सोनी पिता रामनरेश सोनी उम्र 28 वर्ष सा0 सनावल जिला बलरामपुर अस्थाई निवासी अंबिकापुर जिला सरगुजा (छग)।



## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर एमसीबी जिले में पत्रकारों का हुआ सम्मान, अधिकारी भी हुए शामिल



**चिरमिरी।** एमसीबी जिला प्रेस क्लब के पत्रकार भवन में आज हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें जिले के संयुक्त कलेक्टर सी. एस. पैकरा, एसडीओपी एलेक्स टोप्पो, जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ.अविनाश खरे, जनसम्पर्क अधिकारी लोकेश्वर सिंह एवं डीपीएम डॉ. पुष्पेंद्र सोनी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे। वही कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

ज्ञात हो कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है क्योंकि यह समाज और देश की सच्चाई को आम जनता तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। पत्रकारिता के माध्यम से देश और समाज की महत्वपूर्ण घटनाओं, मुद्दों और समाचारों को जनता तक पहुंचाया जाता है, जिससे लोगों को सही जानकारी और जागरूकता मिलती है। पत्रकारिता के इसी महत्व को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है । इस दिन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसी दिन यानी 30 मई साल 1826 में, हिंदी का पहला अखबार उदन्त मार्तण्ड प्रकाशित हुआ था। जिसके संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ला थे। इस अवसर पर एमसीबी प्रेस क्लब के संयोजक सतीश गुप्ता ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सभी अतिथियों को हिन्दी पत्रकारिता दिवस की बधाई दी व कहा कि आज बहुत ही सौभाग्य का दिन है कि हमारे जिले के प्रेस क्लब भवन में यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । जिसमें जिले के अधिकारी सहित जिले के पत्रकार साथी मौजूद हैं इस अवसर पर सभी पत्रकारों को एमसीबी प्रेस क्लब का आई कार्ड वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रेस क्लब के अध्यक्ष रणजीत सिंह, राम प्रसाद गुप्ता, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, रमन सिंह, वरुण चक्रवर्ती , रफीक मेमन, श्रीराम बरनवाल, प्रशांत तिवारी, सुददुलाल वर्मा, महेश साहू, अशोक कुजूर, खगेन्द्र यादव, नियाज अली, अविनाश चन्द्रा, राजेश सिन्हा, नीलेश प्रताप सिंह, तौशिफ रजा, राहुल वल्लभ द्विवेदी, गुरदीप अरोड़ा, सुरेश मिनोचा, अरूण श्रीवास्तव, सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

## सर्पदंश से दो मासूम भाईयों की मौत

**रायपुर।** कोरिया जिले के छिनदिया बांधपारा में सर्पदंश से दो मासूम सगे भाइयों की दर्दनाक मौत हो गई है। इस घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार कोरिया जिले के पटना क्षेत्र अंतर्गत छिनदिया बांधपारा गांव में रहने वाले दो भाईयों की सांप के काटने से मौत हो गई। यह हादसा तब हुआ जब दोनों बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिस्तर पर सो रहे थे। मृतक बच्चों की पहचान 13 वर्षीय सूर्यभान राजवाड़े और उसके छोटे भाई मानव राजवाड़े के रूप में हुई है। आधी रात के समय दोनों बच्चों को अचानक पेट में तेज दर्द होने लगा और उनके मुंह से झाग निकलने लगा। परिजनों ने बिना देरी किए उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में एक बच्चे ने दम तोड़ दिया।

## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ ने जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के प्याऊ घर में गन्ना जूस वितरण कर किया समापन



**कोरिया बैकुंठपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया के द्वारा छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव, राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट जितेंद्र कुमार गुप्ता के आदेशानुसार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट कोरिया नागेश्वर साहू के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर के परिसर में दिनांक 09 अप्रैल 2025 को प्याऊ घर का शुभारंभ किया गया था जिसमें जनसहयोग के माध्यम से प्रतिदिन शीतल पेयजल, गुड़ एवं खीरा साथ ही बीच बीच में शीतल शरबत का वितरण किया गया। 30 मई 2025 को सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, जिला सचिव सुरेंद्र कुमार, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नागेश्वर साहू के द्वारा साई बाबा एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल भैसवार के संचालक जितेंद्र कुमार के सहयोग से निशुल्क गन्ना जूस का वितरण कर प्याऊ घर का समापन किया गया, प्याऊ घर का संचालन विगत दो वर्षों से किया जा रहा है जिसमें इस वर्ष प्यारेलाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बैकुंठपुर, नरेंद्र कुमार गुप्ता अग्रहरि मेटल स्टोर बैकुंठपुर, एम.एस. सुपरमार्ट बैकुंठपुर, धर्मवती राजवाड़े सदस्य जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर का विशेष सहयोग रहा है। प्याऊ घर में स्काउट - सार्थक, अभय, कुलदीप, दुर्गेश, किशन, गाइड - साधना, अल्फा, लक्ष्मी, प्रियाशा, अंजली, एकता, आराधना, अल्फा, नव्या, आरुषि, संध्या, प्रीति, ममता, श्वेता, निहारिका, रिमझिम, अंशिका, श्रेया, राधा, फलक, सुशीला, माही, साधना, पूर्णिमा, पायल ने 09 अप्रैल 2025 से लेकर आज 30 मई 2025 तक पूरे 52 दिन नहीं निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य किया 7 प्याऊ घर के सफल संचालन एवं इस पुनीत कार्य के लिए समस्त स्काउट्स गाइड्स को कलेक्टर कोरिया पदेन संरक्षक भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया चंदन संजय त्रिपाठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला मुख्य आयुक्त देवेंद्र तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट कोरिया जितेन्द्र कुमार गुप्ता, सुरेंद्र कुमार जिला सचिव, रवि कुमार पाण्डेय जिला संघ कोषाध्यक्ष, नागेश्वर साहू जिला संगठन आयुक्त स्काउट, विजय कुजूर जिला संगठन आयुक्त गाइड, सुनील बड़ा जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट, निशा खान जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड, श्याम कुमार आण्डिल विकासखंड सचिव सोनहत, शिवप्रताप सिंह विकासखंड सचिव बैकुंठपुर, विद्यालय के प्राचार्य एवं जिले के समस्त स्काउटर गाइडर ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं।

## चाकू लेकर घूम रहे दो आरोपी पकड़ाये

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के खमतराई थानाक्षेत्र में धारदार चाकू लेकर घूम रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तथा उनके विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। थाना खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि भनपुरी चौक के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा भनपुरी चौक पहुंचकर आरोपी तोपेश्वर उर्फ राजा निर्मलकर पिता शिवकुमार निर्मलकर उम्र-19 वर्ष निवासी जुटमील के पास रामेश्वर नगर भनपुरी जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार खमतराई पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि जूट मिल के पास भनपुरी में एक व्यक्ति हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को आतंकित कर रहा है कि तत्काल खमतराई पुलिस टीम द्वारा जूट मिल के पास भनपुरी पहुंचकर आरोपी केतन उर्फ कार्तिक साहू पिता चोवाराम साहू उम्र-19 वर्ष निवासी कमल चौक संतोषी मंदिर के पास भनपुरी जिला रायपुर के कब्जे से एक धारदार चाकू जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। दोनों ही आरोपी के विरूद्ध थाना खमतराई में धारा 25,27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### एसईसीएल पांडवपारा में जमीन विवाद गहराया

## नौकरी नहीं मिलने से ग्रामीणों का चक्का जाम, कोयला ट्रक से बड़ा हादसा टला



**कोरिया पांडवपारा।** एसईसीएल पांडवपारा परियोजना में भूमि अधिग्रहण के बदले रोजगार नहीं मिलने से नाराज़ ग्रामीणों ने शुक्रवार को उग्र प्रदर्शन करते हुए मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। यह विरोध तब और तीव्र हो गया जब कोयला लदा ट्रक जबरन जाम के बीच से निकालने की कोशिश की गई, जिससे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का आरोप है कि वर्ष 1989 और 1992 में उनकी जमीन एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित की गई थी। उस समय की पुनर्वास नीति के तहत नौकरी और मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक उनका हक नहीं मिला। 15 अप्रैल 2025 को भी इसी मुद्दे पर चक्का जाम किया गया था, जिसके बाद जिला प्रशासन और एसईसीएल प्रबंधन की बैठक में एक माह के भीतर जांच और कार्रवाई का वादा किया गया था। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि अब तक न नौकरी मिली, न ही मुआवजा, जिससे आक्रोश और गहराता गया। स्थिति तब और बिगड़ गई जब एसईसीएल प्रबंधन की ओर से एक कोयला लदा ट्रक सुरक्षा गार्डों के साथ चक्का जाम के बीच से निकालने का प्रयास किया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक ग्रामीण ट्रक की चपेट में आते-आते बचा। प्रदर्शनकारियों ने इसे जानबूझकर की गई लापरवाही बताया और प्रबंधन पर हत्या के प्रयास जैसा गंभीर आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी किसानों प्रवीण दुबे, बबन यादव, अवधेश कुशवाहा, मंगलेश्वर, गणेश कुशवाहा, सुमार साय, गोरेलाल सिंह, रामगोपाल कुशवाहा, अश्वनी कुशवाहा, वीरेंद्र कुशवाहा सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि, हम शांतिपूर्वक धरना दे रहे थे, लेकिन प्रबंधन ने जानबूझकर ट्रक से कुचलवाने का प्रयास किया। एसईसीएल के पदस्थ प्रबंधक भूपेंद्र पांडेय ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह राज्य शासन का मामला है। हमारा कार्य सिर्फ कोयला परिवहन है। इस मुद्दे में हमारी कोई भूमिका नहीं है। प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए एसडीएम, तहसीलदार, पटना टीआई और बैकुंठपुर पुलिस मौके पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय पटेल ने बताया कि करीब 60-70 पुलिसकर्मियों की टीम ने मोर्चा संभाला। विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया गया और कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया। **निष्कर्ष**- यह घटना ना केवल प्रशासन और प्रबंधन की लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि यह भी दिखाती है कि किस तरह वर्षों पुराने भूमि अधिग्रहण के मामले आज भी ग्रामीणों की पीड़ा और संघर्ष का कारण बने हुए हैं। अब देखना होगा कि क्या शासन-प्रशासन ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लेकर समयबद्ध समाधान की ओर कदम बढ़ाएगा या यह आंदोलन और उग्र रूप लेगा।

## दलहन-तिलहन की खेती अपनाएं, पानी बचाएं और बेटियों को खूब पढाएं: कलेक्टर

**कोरिया बैकुंठपुर।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण के अंतर्गत शुक्रवार को सोनहत विकासखंड के ग्राम सलगंवा कला में शासकीय स्कूल परिसर के पास समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ग्राम सलगंवा कला सहित सोनहत, मेण्ड्रा, कछाड़ी, बोड़ार, कैलाशपुर, केशगवां, बेलिया, तंजरा, ओदारी, कुशहा और पोड़ी ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों ने उमस भरे मौसम के बावजूद उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समाधान शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने कहा कि सुशासन तिहार का यह तीसरा चरण अंतिम है, जिसमें पूर्व में प्राप्त आवेदनों पर की गई कार्यवाही की जानकारी हितग्राहियों को दी जा रही है। उन्होंने बताया कि शिविर में सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महतारी वंदन योजना और हैंडपंप सुधार से संबंधित रहे। पात्रता सूची तैयार कर ली गई है और शासन से स्वीकृति मिलते ही हितग्राहियों को उसका लाभ दिया जाएगा। कलेक्टर त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप मोर गांव, मोर पानीश् अभियान के तहत जिले में आवा पानी झोंकी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि 29 मई को जिलेभर में जनभागीदारी से 660 सोख्ता गड्ढों का निर्माण किया गया, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपने खेतों में 5 प्रतिशत मॉडल के तहत



सीढ़ी नुमा सोख्ता गड्ढा बनाएं ताकि भूजल स्तर को संरक्षित किया जा सके। कृषि में बदलाव की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि जिले के अधिकांश किसान केवल धान की खेती करते हैं, जबकि दाल, तेल और सब्जियों की भी आवश्यकता होती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे दलहन-तिलहन, सब्जी और फल की खेती अपनाएं। कलेक्टर ने बताया कि एक किलो चावल उत्पादन में करीब 3,000 लीटर पानी खर्च होता है, ऐसे में जल-संवेदनशील फसलों को प्राथमिकता देना जरूरी है। समाज में बाल विवाह की कुप्रथा पर चिंता जताते हुए कलेक्टर ने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे बेटियों की शिक्षा को प्राथमिकता दें और भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय घटनाओं को रोकें। उन्होंने बेटियों के नाम 5 पौधे और माँ के नाम एक पेड़ लगाने का संकल्प लेने की अपील की। श्बेटियाँ हमारी धरोहर हैं, उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न होश्, उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया। शिविर के दौरान हितग्राहियों को व्हीलचेयर, जाति-निवास प्रमाण पत्र, स्वामित्व अधिकार पत्र, आयुष्मान कार्ड, नोनी सुरक्षा योजना प्रमाण पत्र और सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक वितरित की गई। कलेक्टर के प्रेरणादायी संबोधन और प्रशासन की जनहित योजनाओं से ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, एसडीएम राकेश साहू, जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी सोनपाकर, जनपद सदस्य, जनपद सीईओ मनोज सिंह जगत व सरपंच, पंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## मंत्री परिषद की बैठक 4 जून को

**रायपुर।** साय मंत्रिपरिषद की बैठक 4 जून को दोपहर 12 बजे से मंत्रालय में आयोजित होगी। साय मंत्रिपरिषद की इस 29वीं बैठक का एजेंडा फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि मानसून के आगमन के साथ खेती-किसानी की समस्याओं पर चर्चा करते हुए निर्णय लिए जाएंगे।

## केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में भारतीय भाषा समर कैंप का समापन



**चिरमिरी।** भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, पहचान और एकता की आत्मा है। भाषा ही वह सेतु है, जो भौगोलिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दूरियों को मिटाकर हमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना से जोड़ती है। उक्त बातें केंद्रीय विद्यालय चिरमिरी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय भारतीय भाषा समर कैंप के समापन अवसर पर विद्यालय की पूर्व शिक्षिका श्रीमती सुजाता भारद्वाज ने कहीं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भाषाओं के प्रति जागरूकता और सम्मान की भावना विकसित करना था। पूरे सप्ताह चले इस कैंप में विद्यार्थियों को बंगाली भाषा की बुनियादी जानकारी दी गई। इसमें संख्याएँ, अभिवादन, आत्म-परिचय एवं दैनिक जीवन से संबंधित संवाद शैली को सरल एवं संवादात्मक रूप में सिखाया गया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने बाजार, स्टेशन, रेस्टोरेंट आदि से जुड़े संवादों का अभ्यास किया। लोक कलाओं के माध्यम से वाद्य यंत्रों, देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं चित्रकला से जुड़ी गतिविधियाँ संपन्न हुईं। उन्होंने पारंपरिक व्यंजन, फल-सब्जियों और मसालों के नाम सीखे, साथ ही देशभक्ति कहानियाँ, लघु नाट्य और प्रेरक फिल्में भी प्रस्तुत की गईं। संबंधित राज्य के इतिहास एवं भूगोल की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस सात दिवसीय कार्यक्रम में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। यह आयोजन विद्यालय के प्राचार्य पॉल उदय अरोंग के मार्गदर्शन तथा ग्रंथपाल एवं कार्यवाहक प्राचार्य अश्वनी कुमार शुक्ला के संयोजन में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में श्रीमती अम्बिका स्वाई, जितेन्द्र कुमार मिश्रा, नवीन सैनी, सुश्री खुशनुमा मुस्कान, सुश्री अंजुम निशा, सुरेश कुमार सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी का आरोप

# एकल शिक्षकीय स्कूलों की जानकारी गोपनीय रखने पर भड़के शिक्षक

**कोरबा।** शहरी क्षेत्र में 30 और ग्रामीण क्षेत्र में 10 या इससे कम की संख्या होने पर स्कूलों का समायोजन एक निर्धारित दूरी में संचालित हो रहे स्कूल में किया जा रहा है। यही व्यवस्था शिक्षकों के मामले में है। वहीं ऐसे स्कूल जहां पर शिक्षक ज्यादा हैं, उन्हें दूसरे स्कूलों में पदस्थ कर अनुपात को संतुलित करने की कोशिश की जा रही है। युक्तियुक्तकरण के सिलसिले में काउंसिलिंग आज से शुरू हुई। अनेक शिक्षक इस बात पर भड़के कि एकल शिक्षकों वालें स्कूल को गोपनीय रखा गया है।

उन्होंने काउंसिलिंग की प्रक्रिया के दौरान कई प्रकार के आरोप लगाए। उनका कहना है कि पूरे मामले में पारदर्शिता का साफतौर पर अभाव बना हुआ है, सभी चीजों को खुला हुआ रखना था लेकिन ऐसा नहीं किया गया है। विभिन्न विकासखंडों में कई नाम गायब करने की बात शिक्षकों के द्वारा की जा रही है। कोरबा जिले में शासन के निर्देशानुसार विद्यालयो का युक्तियुकरण के तहत समायोजन किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा राजीव गांधी आडिटोरियम ट्रांसपोर्ट नगर में प्राथमिक शाला के अतिशेष शिक्षकों (प्रधान पाठक/सहायक शिक्षक) का कांउसलिंग आज 31 मई को प्रात: 9 बजे से प्रारंभ हुआ।

यहां काउंसलिंग के लिए पहुंचे शिक्षकों में उस वक्त नाराजगी दौड़ पड़ी जब उन्हें पता चला कि युक्तियुक्तकरण के कार्य में पारदर्शिता का पूर्ण रूप से अभाव बना हुआ है। अपने हिसाब से काम किया जा रहा है। अतिशेष शिक्षकों की सूची तो जारी कर दी गई है लेकिन रिक्त विद्यालयों के संबंध में कोई भी जानकारी नहीं दी जा रही है। आरोप यह भी है कि जो सूची पहले अपलोड की गई थी उसे आधी रात दूसरी सूची जारी कर उसमें कुछ नाम को बदल दिया गया है, कुछ नाम हटा दिए गए हैं। इस तरह से जारी सूची ही दूषित हो गई है और इसमें भेदभाव बरतने के साथ-साथ मनमानी की जा रही है। इस युक्तियुक्तकरण के विरोध में शिक्षकों का संगठन भी सामने आ गया है।

शिक्षा विभाग में व्यापक पैमाने पर मनमानी और गड़बड़ी की जा रही है। इससे पहले भी सहायक शिक्षकों की पदोन्नति के समय भी व्यापक गड़बड़ियां सामने आई थी और मामला हाईकोर्ट तक जा पहुंचा था। सूत्रों के मुताबिक अभी युक्ति युक्त कारण के कार्य में जमकर लेन-देन और अपने-अपने लोगों को उपकृत करने का खेल खेले जाने की भी चर्चा महकमे में खूब चल रही है।



### वरिष्ठता पर असर से नाराजगी

खबर के अनुसार युक्तियुक्तकरण से 393 स्कूल प्रभावित हो रहे हैं और इससे कहीं ज्यादा शिक्षक। सरकार के निर्देश पर जो फार्मूला तय किया गया है उसके हिसाब से शिक्षा विभाग यहां काम कर रहा है। कई शिक्षकों का कहना है कि समायोजित किए जा रहे अनेक स्कूलों में वर्षों से प्रधानपाठक पद पर काम कर रहे कर्मी अब दूसरे स्कूलों में निचले दर्जे पर पदस्थ किए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि नई संस्था में उनके जूनियर उपर रहेंगे, इससे वरिष्ठता का नियम बाधित हो रहा है। इसका समाधान करने के लिए मांग की गई लेकिन किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जा रही है। अपने लोगों को सही जगह सेटल किया जा रहा है।

# विरोध बेअसर, कुछ ही घंटे में अस्तित्व मिटा मलगांव का

### यहां तक बढ़ाना है कोयला खदान

**कोरबा।** सिस्टम के आगे न किसी की पहले कभी चली है और न कभी चलने वाली है। कोरबा जिले के मलगांव का अस्तित्व शुक्रवार को कुछ ही घंटों में हमेशा के लिए समाप्त हो गया। यहां तक साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की खदान को बढ़ाना है। इसके लिए काफी समय से भू-अर्जन की प्रक्रिया प्रशासन के द्वारा चलाई जा रही थी।

खबर के अनुसार दो बसों में फोर्स भरकर आई। उसने स्थानीय सुरक्षा का सहयोग लिया। बताया गया कि बहुत समय से मलगांव को लेकर गतिरोध स्थिति बनी हुई थी। बार-बार ब्लास्टिंग की वजह से लोगों की परेशानी कायम थी। बहुत पहले काफी लोगों ने खतरों को देखते हुए यहां से दूरी बना ली थी। जबकि कुछ लोग पूरे दमखम के साथ संघर्ष कर रहे थे। 8 से 10 परिवार यहां पर बचे थे और आखिरकार उन्हें भी जबरिया हटा दिया गया। पूरी सख्ती से यहां तोड़फोड़ के साथ डोजरिंग की खबर मिली। अब ऐसा कोई इंसान नहीं बचा है जो यह कह सके कि कभी पहले यहां मलगांव हुआ करता था।

### नियमों से खिलवाड़, आत्मदाह की चेतावनी

इसी गांव के रहने वाले राजेश जायसवाल ने इस कार्यवाही को पूरी तरह से गलत ठहराते हुए न्याय की मांग की है। उन्होंने सरकार तक अपनी बात पहुंचाई है। इसमें कहा गया कि बिना नोटिस, पूर्व सूचना और मुआवजा दिए बिना उनके पैतृक मकान के साथ-साथ यहां पर लगाए गए पेड़-पौधों को समाप्त कर दिया गया। तर्क दिया गया कि उनके पिता उदय नारायण जायसवाल ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जा बगीचा लगाया गया था उसे भी नष्ट करने का काम किया गया। राजेश ने पुनर्वास और विस्थापन नियमों की धज्जियां उड़ाने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी है कि अगर 7 दिन के भीतर इस पूरे मामले में न्याय नहीं मिला तो वे परिवार सहित आत्मदाह करने को मजबूर होंगे और इसकी पूरी जिम्मेदारी एसईसीएल प्रबंधन के साथ-साथ प्रशासन की होगी।

### एक दिन पहले गुल कर दी बिजली

लोगों को परेशान करने और घुटने टेकने को मजबूर करने के अंतर्गत मलगांव में कार्रवाई से एक दिन पहले यानि 29 मई को बिजली गुल कर दी गई। उद्देश्य यह था कि गर्मी के मौसम में जनता को परेशान किया जाए ताकि वह यहां काबिज रहने का इरादा दिमाग से निकाल दे। लंबे समय से परेशानी झेल रहे लोगों ने फिर भी हार नहीं मानी। लेकिन अंतत: तानाशाही के चक्कर में उन्हें बेमन से अपने पैतृक गांव को छोड़ना पड़ा। इससे पहले गांव के स्कूल को एसईसीएल प्रबंधन ने बुलडोज करा दिया। यहां के शिक्षक और बच्चों को झाबर स्कूल में शिफ्ट किया गया है। इसके बाद से ही बखेड़ा मचा।

### पहली बार किया रसैल वाइपर का रेस्क्यु



**कोरबा।** जिले के कनकी गांव में रेस्क्यु टीम एक सूचना पर अत्यंत विषैले सफ रसैल वाईपर को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। जिले में इस तरह की यह पहली घटना है। रात्रि 10 बजे सर्प को मौके पर देखा गया। सूचना मिलने पर रेस्क्यु टीम के वरिष्ठ सदस्य जितेन्द्र सारथी और राजू बर्मन ने कनकी में उपस्थिति दर्ज करायी वैज्ञानिक रेस्क्यु प्रोटोकाल और सुरक्षा मानक को ध्यान में रख रसैल वाइपर को पकड़ने के साथ वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया है। इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की क्षति नहीं हुई। बताया गया कि यह सर्प खेतों, झाड़ियों और ग्रमीण बस्तियों के पास रहता है। इसके जहर में हेमोटॉकसिक की उपस्थिति होती है जो मानव शरीर में अपना असर छोड़ने के साथ जानलेवा साबित होती है।

# गीतकुंआरी में लगातार दूसरे दिन फसल रौंदी हाथियों ने



**कोरबा।** जिले के कुदमुरा वन परिक्षेत्र के गीतकुंआरी गांव में हाथियों का उत्पात लगातार दूसरे दिन जारी रहा। यहां 13 की संख्या में पिछले दो दिनों से विचरण कर रहे हाथियों के दल ने बीती रात फिर ग्रामीणों के खेतों में पहुंचकर वहां लगे धान व मूंगफली को रौंदकर तहस-नहस कर दिया जिससे संबंधितों को नुकसान उठाना पड़ा है।

हाथियों के उत्पात से चार ग्रामीण प्रभावित हुए हैं जिन्होंने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचे। हाथियों की निगरानी करने के साथ रात में किए गए नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। हाथियों द्वारा लगातार फसल रौंदे जाने से क्षेत्र के ग्रामीण परेशान हैं। उधर कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज अंतर्गत कापानवापारा सर्किल में हाथियों का दो दल लगातार विचरण कर रहा है जबकि 10 हाथी पसान रेंज के जल्के सर्किल के बनिया गांव में मौजूद हैं। इस दल में शामिल दंतैल गुरुवार की शाम अलग हो गए तथा एक ग्रामीण पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है।

### आरएसएस के अभ्यास वर्ग का समापन कल

**कोरबा।** सरस्वती हायर सेकंडरी विद्यालय वीआईपी रोड में 17 मई से चल रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय अभ्यास वर्ग सामान्य प्रथम वर्ष का समापन और दीक्षांत समारोह 1 जून को शाम 4ः00 बजे से ओपन थिएटर मैदान में आयोजित किया गया है। वरिष्ठ पत्रकार त्रिपाठी इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे जबकि आरएसएस के सह प्रांत प्रचारक नारायण नामदेव मुख्य वक्ता होंगे। स्थानीय नागरिकों से उपस्थिति दर्ज करने का आग्रह आयोजक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कोरबा जिला की ओर से किया गया है।

# डीएपी की कमी है 6 समितियों में, किसानों को वैकल्पिक तरीका अपनाने की सलाह

### जिले में सीमित भंडारित है डीएपी

**कोरबा।** खरीफ सीजन को लेकर खेतों में प्राथमिक तैयारियां जारी है। खेतों में जुताई का कार्य परंपरागत तरीके के अलावा मेकेनाइज्ड सिस्टम से भी हो रहा है। जिले में लगभग डेढ़ लाख किसान खेती से जुड़े हुए हैं। खबर है कि कुछ इलाकों में डीएपी खाद की कमी है। विभाग ने किसानों को विकल्पों के बारे में जानकारी देकर उपयोग करने की सलाह दी है।



जानकारी के अनुसार जिले की कुल 41 सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को रसायनिक खाद उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। इसमें अलग-अलग केटेकेगरी की खाद शामिल है। इसी विभाग के जरिये समितियों में खाद का भंडारण कराया गया है। जानकारी मिली कि 6-7 समितियों में डीएपी खाद नहीं है। जबकि दूसरा सामान भी उपलब्ध है। ऐसी स्थिति में किसानों को खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर दिक्कत हो रही है। बार-बार चक्कर लगाकर किसानों को लौटना पड़ रहा है। कृषि विभाग के उपसंचालक डीपीएस कंवर ने बताया कि 950 मेट्रिक टन डीएपी खाद जिले में उपलब्ध है। हालाकि कुछ जगह इसका संकट है। किसानों को हमारी ओर से सलाह दी जा रही है कि डीएपी की आधी मात्रा के साथ आधी बोरी युरिया और तीन बोरी सुपर फॉस्फेट फर्टिलाईजर का उपयोग किया जाए। फसल की उर्वरा क्षमता के लिए यह प्रयोग सार्थक है। इसके अलावा नेनौ फर्टिलाइजर का उपयोग करने की सलाह लगातार दी जा रही है।

### कपड़े सहित कई सामान बांटे

**कोरबा।** अहिल्या बाई होल्कर के जन्म शताब्दी के अवसर पर कटघोरा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडोपारा में जाकर कपड़े, चावल व कई सामान ग्रामीणों को दिए। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, समजीत सिंह, डेक्रांत देवांगन, ओमप्रकाश डिक्सेना, बजरंग पटेल, जय गर्ग, किशन केशरवानी, अनुराग दुहलानी सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। इसी तरह कल कोसाबाड़ी नगर मंडल के द्वारा जिला चिकित्सालय जाकर महिला मरीजों को सामान दिए। इस दौरान नगर पालिक निगम के पूर्व महापौर जोगेश लांबा, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह, राजेश राठौर, सुमन सोनी, रमा मिरी, दिनेश वैष्णव, अुर्जन गुप्ता, श्रीधर द्विवेदी, संजीव शर्मा सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद थे। आज जिला भाजपा कार्यालय में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें मंडल अध्यक्षों को जिम्मेदारी देते हुए कहा गया है कि कार्यकर्ताओं को लेकर कार्यालय पहुंचे। इस बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के अलावा डिलेंद्र यादव, हेमलता निर्मलकर, प्रीति स्वर्णकार, मुकुल कर्ष, लखन राठौर, हनुमान पांडेय, मनीष मिश्रा, योगेश मिश्रा, बृजलाल राठिया, ओमप्रकाश साहू, दिनेश राठौर, रामकुमार गभेल सहित अनेकों कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### सड़ांध के बीच हो रही आवाजाही

**कोरबा।** नेहरू नगर वार्ड के अंतर्गत पब्लिक केरियर स्कूल और इसके पास के रिहायशी क्षेत्र के लोगों को सड़ांध के बीच आना-जाना करना पड़ रहा है। काफी समय से इस इलाके में अवैध रूप से जानवरों का अपशिष्ट फेंका जा रहा है। इसके चलते जन स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि बिना नाक ढंके कोई यहां से गुजर नहीं सकता।

## बिजली की आंखमिचौली से लेमरू क्षेत्र के लोग परेशान

**कोरबा।** जिले के वनांचल लेमरू के लोग इन दिनों बिजली की आंखमिचौली से बेहद परेशान हैं। यहां आए दिन बिजली चली जाती है जिससे क्षेत्रवासी पंखा, कूलर के अभाव में भीषण गर्मी का सामना करने को मजबूर रहते हैं। रात में भी अंधेरा छा जाता है जिससे जहरीले जीव-जंतुओं के अलावा वन्य प्राणियों का खतरा बना रहता है। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में 3-4 दिनों से बाधित बिजली को लेमरू में आयोजित सुशासन तिहार के समय दुरुस्त किया गया था लेकिन इसके निपटने के तुरंत बाद फिर बिजली की समस्या उत्पन्न हो गई है। आज सुबह से गुल बिजली दोपहर तक नहीं आई है और लोग गर्मी से हलाकान हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में व्याप्त बिजली की समस्या को लेकर कई बार विभाग के अधिकारियों को बताया गया लेकिन अधिकारी ध्यान ही नहीं देते।



**किसानों को मिली जानकारी :** विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत कृषि विभाग ने कोरबा जिले के ग्राम कोरकोमा में कैंप आयोजित किया गया। यहां पर कृषि विकास योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी देने का काम उपसंचालक देवेंद्र प्रताप सिंह और उनकी टीम ने किया।

### ओवरब्रिज निर्माण को लेकर चर्चा


**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रबंधन और जेसीसी सदस्यों के मध्य कल एक बैठक बुलाई गई, जिसमें दीपका में बनने वाले ओवरब्रिज निर्माण के लिए विस्तार के साथ विचार विमर्श किया गया। जेसीसी सदस्यों ने पहले मांग किया था कि मार्ग की दिशा बदली जाए। इस पर भी निर्णय लिया गया। कालोनी में धूल प्रवेश न करे इसके लिए भी उपाय खोजे गए। इस बैठक में रेशमलाल यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, डी.पी.मिश्रा, मदन सिंह, रामनारायण साहू सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

### पान दुकान में चोरी

**कोरबा।** डीडीएम रोड में स्थित दो पान दुकान अंबे पान सेंटर और दारा पान सेंटर का ताला तोड़कर कोल्ड ड्रिंक, सिगरेट समेत नगद की चोरी कर ली। इससे पहले भी क्षेत्र में चोरी की घटनाएं हुई थी।

# न्यायप्रियता की प्रतीक थीं अहिल्याबाई होल्कर

**कोरबा।** लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर मराठा साम्राज्य की एक महान शासिका थीं। समाज कल्याण, धर्मनिष्ठ और न्याय प्रियता जैसे गुण उनके भीतर काफी मजबूती से समाहित थे। अपने जीवन काल में उन्होंने ऐसे अनेक कार्य किया और विराट समाज के सामने एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। आज उनकी जन्म जयंती पर समसामयिक प्रसंग का स्मरण करना अपरिहार्य हो जाता है।



*अशोक चावलानी*
*भाजपा नेता*

31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौंडी गाँव में जन्मी अहिल्याबाई असाधारण साहस, न्यायप्रियता और लोकसेवा के लिए जानी जाती हैं। अहिल्याबाई का विवाह मालवा के शासक खांडेराव होल्कर से हुआ था। पति और ससुर की मृत्यु के बाद उन्होंने राज्य की बागडोर अपने हाथों में ली और कुशलता से शासन किया। अहिल्याबाई ने अपने शासनकाल (1767-1795) में सामाजिक न्याय, जनकल्याण और धार्मिक सहिष्णुता को प्राथमिकता दी। उन्होंने सड़कों, घाटों, धर्मशालाओं और मंदिरों का निर्माण कराया।

काशी का विश्वनाथ मंदिर, गंगाघाट और अयोध्या, मथुरा, रामेश्वरम जैसे तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण उनके कार्यों की मिसाल है। वे विधवाओं और गरीबों की मदद करती थीं और कर संग्रह में भी न्यायपूर्ण व्यवहार करती थीं। उनका जीवन त्याग, सेवा और धर्मनिष्ठा का प्रतीक है। उन्हें लोकमाता की उपाधि जनता ने प्रेमपूर्वक दी। अहिल्याबाई होल्कर आज भी भारतीय नारी शक्ति, न्याय और प्रशासनिक कुशलता की प्रेरणा स्रोत बनी हुई हैं। उनका योगदान इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

### बसपा की समीक्षा बैठक कल

**कोरबा।** बसपा की समीक्षा बैठक कल सीतामणी स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में आयोजित की गई है। जिसमें जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी, सभी चारों विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। बैइक में जिला महासचिव जितेंद्र बंजारे, कोरबा विधानसभा अध्यक्ष गज्जू चौहान, रामपुर विधानसभा प्रभारी बसंत डिक्सेना, देवश्री पंकज, त्रिवेणी भास्कर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। सेक्टर अध्यक्ष बनने के बाद अब बूथ समिति बनाए जाने की जवाबदारी दी गई थी।

जय श्रीराम
मकान खरीदी/बिक्री
दादर, खरमोरा, कोसाबाड़ी, डीडीएम रोड, कोरबा के किसी भी लोकेशन में बेजा कब्जा, रजिस्ट्री, डायवर्टेड प्लाट/मकान खरीदी-बिक्री हेतु
संपर्क करें
62681-46606










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com